दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 164 जयपुर, शुक्रवार, 24 मई, 2024 । ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### महाराष्ट्र: फैक्ट्री में बॉयलर फटने से लगी आग, 7 मरे



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में गुरुवार को एक कैमिकल फैक्ट्री के बॉयलर में विस्फोट हो जाने से आग लग गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। धमाका इतना जोरदार था कि तीन किमी दूर तक इसकी आवाज सुनी गई। आसपास के घरों के शीशे चटक गए। धमाके में घायल लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा है कि घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठाएगी। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक जताया है।

### 14 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ के साथ 1 को दबोचा

**सांचोर।** पुलिस और नारकोटिक्स विभाग की टीम ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 14 करोड़ की 6 किलो 870 ग्राम अवैध मादक पदार्थ कोडिन और 17.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। सांचौर जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जोधपुर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं पुलिस की स्पेशल टीम की ओर से संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। सूचना पर कांटोल आरोपी सुरेश कुमार पुत्र हरिराम बिश्नोई के घर पर दबिश दी गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**भीषण गर्मी ने बरपाया कहर:** प्रदेश में 72 घंटे का अलर्ट... अधिकतम तापमान में होगी 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी

# प्रदेश में गर्मी का अटैक... पांच की मौत, 13 जिलों में अलर्ट

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में आग उगलती गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। आलम यह है कि शहर की आग बरपाती सड़कों पर पानी की बौछार की जा रही है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों के अलावा सीमावर्ती इलाके भीषण गर्मी की चपेट में है। हीटवेव से प्रदेश में पांच लोगों की मौत हो गई। जालोर में एक महिला सहित तीन और बालोतरा में एक युवक की जान गई है। खैरथल में गर्मी से 7 मोरों ने दम तोड़ दिया। इधर, प्रदेश में फिलहाल गर्मी से कोई राहत के आसार नहीं है। आगामी 72 घंटे मौसम के लिहाज से भारी पड़ने वाले हैं।



### 2 जून तक चरम पर रहेगा तापमान

प्रदेश में मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए 72 घंटे का अलर्ट जारी किया है। जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा संभाग में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी होगी वहीं भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग में आगामी 48 घंटे में विशेष परिवर्तन नहीं है, लेकिन इसके बाद 48 घंटे में 1-2 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 25 मई से 2 जून तक राजस्थान का तापमान चरम पर होगा, ऐसे में हीटवेव और लू से अपना बचाव करें।

### जयपुर में टूट सकता है गर्मी का रिकॉर्ड

राजधानी जयपुर में गुरुवार को दिन में जबरदस्त गर्मी रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया, इससे पहले बुधवार को यहां तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस सीजन में यह दूसरी बार है जब राजधानी में तापमान 45 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिकों ने यहां अगले तीन दिन में पारा 47 या 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई है।

### कल से शुरू होगा नौतपा

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। सूर्य जितने दिनों तक रोहिणी नक्षत्र में रहता है, पृथ्वी भी उतने ही दिनों तक अत्यधिक गर्मी का अनुभव करती है। 25 मई से नौतपा लगने जा रहा है। नौतपा के दौरान लगातार 9 दिन भीषण गर्मी पड़ती है। इस दौरान सूर्य देव उग्र रूप में रहते हैं।



-पंडित पुरुषोत्तम गौड़, ज्योतिषाचार्य

**भजनलाल सरकार के 'प्लान' से अफसरों में मची खलबली**


# भ्रष्ट और नाकारा अफसरों व कार्मिकों की अब होगी छुट्टी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में सरकारी दफ्तरों में कामकाज की लचर गति और जनता के काम नहीं करने की लगातार शिकायतों पर भजनलाल सरकार ने सख्त कार्रवाई अमल में लाने की योजना तैयार की है। अब सरकारी कामों को बिना किसी वजह के अटकाने वाले अफसरों और कर्मचारियों पर सरकार सख्त रवैया अपनाएगी। ऐसे भ्रष्ट अफसरों और कर्मचारियों की अब जल्द ही छुट्टी होने वाली है, जो अफसर और कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। साथ ही कुर्सी पर बैठकर सिर्फ नौकरी करने का समय व्यतीत करते हैं। सभी विभागों में कार्यरत ऐसे अफसरों और कर्मचारियों की भी लिस्ट बनाई जा रही है। राज्य सरकार ऐसे कर्मचारियों को जबरन रिटायर करेगी। पूर्व में भी सरकार ऐसे निर्णय लेती आई है। जो अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए। उन्हें नियमानुसार एडवांस वेतन भत्ते देकर सेवानिवृत्त कर दिया गया था। भ्रष्ट और लापरवाह अफसरों की सूची तैयार होने की सूचना के साथ ही अफसरों में खलबली मची हुई है। कई अफसर इसे चेतावनी मानकर अपने आप में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि इस सूची से बाहर रहा जा सके।

### मुख्य सचिव तैयार करवा रहे लिस्ट

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी विभागों के एसीएस को निर्देश दिए हैं कि वे 15 साल की नौकरी पूरी कर चुके अफसरों को सूची तैयार करें, जो अफसर भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं और जिनके खिलाफ लगातार शिकायतें मिलने के साथ नॉन परफॉर्मिंग रहे हैं। उन अफसरों की लिस्ट बनाई जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिवों ने अपने-अपने विभाग में ऐसे अफसरों की सूची तैयार करना शुरू कर दिया है। भ्रष्टाचार में लिस्ट में टॉप रहने वाले अफसरों को जबरन रिटायर करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।



### पहले भी अफसरों को किया है रिटायर

भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाले और जिन अफसरों का आचरण ठीक नहीं रहा, उन्हें पूर्व में भी जबरन रिटायर किया जाता रहा है। वसुंधरा राजे के कार्यकाल में वर्ष 2018 में सीनियर आईपीएस इंदु भूषण को जबरन सेवानिवृत्ति दी गई थी। उनका आचरण ठीक नहीं रहा। कभी घर में बाल मजदूरों को नौकरी पर रखने, पड़ोसियों से बेवजह झगड़ने और आईपीएस अफसरों से ही बेवजह उलझते रहने के कारण उन्हें कई बार समझाने की कोशिश की गई। हैदराबाद में एक ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान वे राज्यपाल से उलझ पड़े। बार बार नसीहत दिए जाने के बावजूद उनके आचरण में परिवर्तन नहीं आया तो उन्हें नोटिस देकर रिटायर कर दिया गया। अगस्त 2018 में ही आईएफएस जुल्फिकार अहमद खान को भी जबरन रिटायर किया गया। उन्होंने छह साल तक एसीआर नहीं भरी थी।

### सेवा नियमों में है जबरन रिटायर का प्रावधान

राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 के नियम 53(1) के तहत अनिवार्य रिटायरमेंट के प्रावधान पहले से निहित हैं। इनके तहत सरकार ऐसे किसी अफसर या कर्मचारी को जबरन रिटायर कर सकती है, जिन अफसर और कर्मचारियों के खिलाफ लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहे हों। लोक सेवक की जिम्मेदारी ईमानदारी से पूरी नहीं करने और सरकार के कामकाज में लगातार लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जबरन सेवानिवृत्त किया जा सकता है। कई अफसर जो सरकारी सेवा में विभाग पर बोझ बन चुके हों। उन्हें जबरन रिटायर किया जा सकता है। ऐसे अफसरों को तीन महीने का नोटिस या तीन महीने की एडवांस सेलेरी देकर सरकार जबरन रिटायर कर सकती है।

### 3 महीने का नोटिस या एडवांस सैलरी देकर जबरन रिटायर कर सकती है सरकार

भ्रष्ट और काम नहीं करने वाले अफसर-कर्मचारियों को जबरन रिटायर करने के लिए तय नियमों के हिसाब से प्रोसेस पूरा किया जाता है। नियमों के अनुसार जिन अफसर और कर्मचारियों की 15 साल की सरकारी नौकरी पूरी हो चुकी हो, उन्हें आचरण और खराब काम को आधार बनाकर जबरन रिटायर किया जा सकता है। इस नियम के तहत जबरन रिटायर करने वाले कर्मचारी-अफसरों की विभागवार स्क्रीनिंग होती है। इनकी सालाना गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) खराब होती है। उन्हें छांटा जाता है। नियमों के अनुसार जबरन रिटायरमेंट के दायरे में आने वाले अफसर-कर्मचारियों को तीन महीने का नोटिस दिया जाता है। नोटिस पीरियड की जगह तीन महीने की एडवांस सैलरी और भत्ते देकर तुरंत रिटायर किया जा सकता है।




@ दिल्ली रोड शो

## कांग्रेस करती है केवल भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को अपने एक दिवसीय चुनावी दौर के तहत दिल्ली व यूपी में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया। दिल्ली में रोड शो करते हुए आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी है। अरविंद केजरीवाल ने अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया था, लेकिन अब वे खुद भ्रष्टाचार के कारण जेल गए। सीएम ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली सीट पर लोकसभा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में रोहिणी में रोड शो के दौरान कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में किए गए अभूतपूर्व कार्यों से जनता का मोदी पर पूरी तरह से विश्वास कायम है। मोदी ने गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा, देश का विकास करने और आतंकवाद और नक्सलवाद को मिटाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति करती है। इस पार्टी ने केवल परिवारवाद को आगे बढ़ाया है। सीएम ने कहा कि दिल्ली में सभी 7 सीट भाजपा बड़े मार्जिन के साथ जीतेगी।

### धर्म के आधार पर नहीं मिलेगा आरक्षण: सीएम

**लखनऊ।** लखनऊ में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राजस्थान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के अंदर जो भी व्यवस्था है और जिस प्रकार से संविधान आरक्षण का प्रावधान करता है, उसी के अनुसार ही आरक्षण दिया जाएगा। आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं समुदायों को मिलेगा, जिन्हें संविधान में इसके लिए पात्र माना गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि वे इस मुद्दे पर इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि हाल ही में बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात की थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट मानना है कि आरक्षण का आधार केवल सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन होना चाहिए, न कि धर्म। हम इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेंगे।

**छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान**

## बीजापुर में सात नक्सली ढेर



**एजेंसी | बीजापुर**

छत्तीसगढ़ में 25 मई को होने वाले मतदान से पहले सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। सुरक्षाबलों ने गुरुवार को नारायणपुर-बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सरहद पर 7 नक्सलियों को मार गिराया। इनके पास से हथियार भी बरामद किए हैं। सुरक्षाकर्मियों को प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद ऑपरेशन सूर्य शक्ति पॉइंट 5 शुरू किया गया था। इस घटना के साथ ही इस साल राज्य में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में अब तक 107 नक्सली मारे जा चुके हैं। इस ऑपरेशन में दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिलों के जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और स्पेशल टास्क फोर्स समेत राज्य पुलिस की सभी इकाइयां शामिल थीं।

नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई, जब नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें सर्च अभियान पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी मुस्तैदी से मोर्चा संभाला और रुक रुक कर मुठभेड़ चलती रही। इसके बाद जंगल में सर्च में अब तक सात वर्दीधारी नक्सलियों के शव तथा हथियार बरामद कर लिए है और कई नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है।

## सूरजपोल अनाज मंडी में 2470 लीटर सरसों तेल किया सीज

**बेधड़क | जयपुर**

खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई जारी है। बीते एक माह से विभाग ने जयपुर के अलग अलग स्थानों पर कई कार्रवाई को अंजाम दिया है। इसी के तहत गुरुवार को सूरजपोल अनाज मंडी में एक व्यापारी के गोदाम पर कार्रवाई कर 2 हजार 470 लीटर सरसों तेल सीज किया गया। इस तेल में मिलावट की आशंका थी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के केंद्रीय दल ने की। दल ने सूरजपोल अनाज मंडी परिसर स्थित कंपनी के गोदाम पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्रथम दृष्टया तेल में मिलावट की संभावना को देखते हुए 2 हजार 470 लीटर सरसों तेल सीज किया गया।

**लोकसभा चुनाव 2024**

# छठे चरण का प्रचार थमा... अंतिम दिन झोंकी पूरी ताकत, वोटिंग कल

- आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर होगा मतदान
- 889 प्रत्याशी चुनाव में आजमा रहे हैं अपना भाग्य
- 2019 में BJP ने जीती थीं इन 58 में से 40 सीटें

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार गुरुवार शाम खत्म हो गया। छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होगी। यहां से 889 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। छठे चरण में जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी है, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था। छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल है। वहीं सबसे कम जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोग वोट डालेंगे। साल 2019 में इन 58 में से 40 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं दूसरे स्थान पर बसपा के खाते में चार सीटें गई थीं, जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। पिछले चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22% फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 84.59 फीसदी मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं, सबसे कम 8.98 फीसदी मतदान जम्मू-कश्मीर में दर्ज किया गया था।

**अब तक 65.96 प्रतिशत मतदान:** लोकसभा के अब तक हो चुके पांच चरणों के चुनाव में औसतन 65.96% मतदान हुआ है। इनमें सबसे कम 62.2% मतदान पांचवें चरण में हुआ है, वहीं सबसे अधिक 69.16% मतदान चौथे चरण में हुआ है। जबकि पहले चरण में 66.14% , दूसरे चरण में 66.71% व तीसरे चरण में 65.68% मतदान हुआ है।




**ये दिग्गज मैदान में:** लोकसभा चुनाव में छठे चरण में जिन चर्चित और दिग्गज चेहरों की किस्मत दांव पर लगी है, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राव इंद्रजीत और कृष्ण पाल गुर्जर, मेनका गांधी, अभिनेता राज बब्बर, मनोज तिवारी और दिनेश कुमार यादव निरहुआ आदि शामिल है।

### हरियाणा में सबसे ज्यादा 223 प्रत्याशी

लोकसभा के छठे चरण के चुनाव में कुल 889 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें सबसे अधिक 223 प्रत्याशी हरियाणा के है, जबकि सबसे कम 20 प्रत्याशी जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग -राजौरी लोकसभा सीट से मैदान में है। वहीं उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी, बिहार की आठ सीटों पर 86 प्रत्याशी, दिल्ली की सात सीटों पर 162, पश्चिम बंगाल की आठ सीटों के लिए 79, झारखंड की चार सीटों के लिए 93 और ओडिशा की छह सीटों के लिए 64 प्रत्याशी मैदान में है। हालांकि इन 58 सीटों पर कुल 1978 लोगों ने नामांकन किया था, नाम वापस लेने के बाद अब 889 प्रत्याशी ही मैदान में रह गए हैं।

जरूरी खबर

## पशु-पक्षियों को गर्मी से राहत का अभियान शुरू




जयपुर। प्रमुख शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन विकास एस भाले ने गुरुवार को गोपालन विभाग में मिशन सन-रक्षण 24 की शुरुआत की। भाले ने इस अवसर पर कहा कि गोवंश एवं पक्षियों को लू और तापघात से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरु किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में हीट वेव चल रही है। उन्होंने कहा हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम इन निरीह पशु पक्षियों को लू और ताप से कुछ राहत दिला सकें। इसी बात को आधार बनाकर आज यह अभियान लॉंच किया गया है।

## अंतिम दौर में लोस चुनाव मतगणना की तैयारियां

जयपुर। राज्य में 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 4 जून को सुबह 8 बजे से मतों की गिनती प्रारंभ होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की माध्यम से डाले गए मतों की गिनती की जाएगी और उसके बाद ईवीएम के मतों की गिनती होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य की 25 लोकसभा क्षेत्रों में कुल 29 मतगणना केंद्र होंगे। जोधपुर, नागौ, करौली- धौलपुर एवं गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में दो-दो मतगणना केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ईवीएम के माध्यम से डाले गए मतों की 4,033 राउंड में पूरी होगी। प्रदेश में कम से कम 20 और ज्यादा से ज्यादा 28 राउंड की मतगणना होगी।

## तकनीशियन और उपसरपंच के खिलाफ केस दर्ज



जयपुर। सरिस्का बाग परियोजना के तहत विस्थापित किए गए परिवारों से मुआवजा पैकेज दिलवाने के नाम पर 3 लाख रुपए की घूस मांगने के मामले में एसीबीने वन विभाग के तकनिशियन व नाथूसर उपसरपंच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में एसीबी में अक्टूबर 2023 में परिवादी ने तकनिशियन द्वितीय व विस्थापन शाखा के प्रभारी देवी सहाय और नाथूसर उप सरपंच रतन सिंह के खिलााफ शिकायत की थी। आरोपी देवी सहाय ने परिवादी से सत्यापन के दौरान स्टांप के नाम से 5 हजार रुपए की घूस ले ली थी और बाकी की राशि उप सरपंच रतन सिंह को देने के लिए कही थी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल सहित प्रदेश के 130 से अधिक नेता निभा रहे जिम्मेदारी, प्रदेशाध्यक्ष ने ओडिशा में डाला डेरा

# अंतिम चरण के चुनाव प्रचार में प्रदेश के BJP नेता फूंक रहे जोश

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के अंतिम पड़ाव में छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार पीक पर है। अंतिम चरण के चुनाव प्रचार में प्रदेश के भाजपा नेता जान फूंक रहे हैं। प्रदेश के बीजेपी नेताओं ने देशभर में अपनी संगठनात्मक कार्यशैली का दम दिखाया है।

राजस्थान में 25 सीटों पर चुनाव संपन्न होते ही नेता दूसरे राज्यों में चुनावी दमखम दिखा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम से लेकर मंत्रिमंडल, इतना ही नहीं संगठन के पदाधिकारियों ने भी दूसरे राज्यों में प्रचार का जिम्मा संभाला रखा है। राजस्थान बीजेपी ने 8 राज्यों में 130 से अधिक नेताओं को चुनाव की जिम्मेदारी सौंप रखी है। प्रवासी मतदाताओं के साथ स्थानीय संगठनात्मक चुनावी रणनीति पर प्रदेश भाजपा के नेता काम कर रहे हैं। जिन राज्यों में चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं, वहां से आने वाले नेताओं ने दावा किया है कि देश में मोदी मैजिक जनता के सिर माथे बोल रहा है। प्रदेश के 130 से अधिक भाजपा नेता तेलंगाना, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में अपनी संगठनात्मक कार्यशैली के दम पर मिशन 400 पार को पूरा करने में जुटे हैं।



पार्टी की रणनीति के तौर पर देश भर में प्रवासी राजस्थानियों को साधने के लिए इस बार खास प्लान के तौर पर राजस्थान के नेताओं को दक्षिणी राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने दूसरे राज्यों में भी चुनावी प्रचार किया।

### जोशी ओडिशा में साथियों के संग सक्रिय

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने 28 अप्रैल से ओडिशा में अपने साथी नेताओं के साथ डेरा डाल रखा है। जोशी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, मदन दिलावर, मंजू बाघमार के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ओडिशा में बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए लगातार प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने तेलंगाना में चुनाव संपन्न होने के बाद देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी कमान संभाल रखी है। चतुर्वेदी के साथ राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, विधायक जितेंद्र गोठवाल और महिला मोर्चा की नेत्रियों ने दिल्ली में फिर से सभी 7 सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव प्रचार में जुटी है।

### इन राज्यों में ये नेता कमल खिलाने में जुटे

हरियाणा के चुनाव प्रभारी और बीजेपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मंत्री सुमित गोदारा, विधायक बाबा बालक नाथ, सांसद सुमेधानंद सरस्वती, संतोष अहलावत और सीआर चौधरी और अशोक सैनी ने जाटलैंड की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने में लगे हैं। वहीं, मंत्री झाबर सिंह और गौतम दक पश्चिम बंगाल में डटे हुए हैं।

### रैलियों और सभाओं में दिखाया दम

दूसरे राज्यों में प्रचार के अलावा पीएम मोदी व अमित शाह की रैलियों की जिम्मेदारी भी राजस्थान के भाजपा नेता संभालते नजर आए। चुनाव प्रबंधन और प्रवास कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय के चलते ही आंध्र प्रदेश में प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को पीएम मोदी और अमित शाह की रैली और जनसभा के प्रबंधन का जिम्मा सौंपा था।

### पश्चिमी बंगाल सीएम की ओर से कोर्ट की अवमानना पर बोले सैनी

# ममता, कांग्रेस व इंडी अलायंस कर रहे लोकतंत्र को तार-तार

बेधड़क | जयपुर

पश्चिम बंगाल में कोलकाता हाईकोर्ट ने वर्ष 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी सर्टिफिकेट को रद्द करने के आदेश दिए और कहा कि ये सर्टिफिकेट किसी भी सरकारी भर्ती में काम नहीं लिए जा सकेंगे। हाईकोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस फैसले को मानने से इनकार कर दिया।

भाजपा के नेताओं ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। जयपुर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी ने कहा कि न्यायालय के फैसले को खुले मंच से मानने से इनकार करना न्यायतंत्र की घोर अवहेलना है। इस मामले में कांग्रेस, ममता बनर्जी और इंडी एलायंस पर तुष्टीकरण करके पूरे देश और लोकतंत्र को छिन्न भिन्न करने का काम कर रही हैं। पार्टी उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी ने ममता बनर्जी के कोर्ट के फैसले को नहीं मानने पर कड़ी भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद उनकी प्रतिक्रिया इंगित करती है कि इंडी अलायंस और सीएम ममता बनर्जी की न्यायिक निर्णयों के प्रति आस्था नहीं है। ममता बनर्जी का सार्वजनिक रूप से कहना कि 'मैं कोर्ट के निर्णय को नहीं मानती हूं', सीधे सीधे न्यायालय की अवमानना का मामला बनता है। सैनी ने कहा कि कोर्ट ने माना है कि अब तक पांच लाख से ज्यादा ओबीसी सर्टिफिकेट जारी करने का फैसला पूर्ण रूप से राजनीतिक भावना ग्रसित है। यह निर्णय जाति समुदाय विशेष के लोगों को लोभन के लिए लिया गया।



### प्रभुलाल सैनी ने ममता सरकार पर साधा निशाना

प्रभुलाल सैनी ने कहा कि कोर्ट ने लिखा है ओबीसी आयोग बना है। आदेश जारी कर दिए गए हैं, राजनीतिक षड्यंत्र हुए हैं। छुपाकर तथ्य सामने नहीं रखे गए। यदि सही मंशा थी तो 42 वर्षों का सर्वे हुआ तो 41 वर्ग एक ही समुदाय विशेष के थे और मात्र एक वर्ग हिंदू को शामिल किया गया। सैनी ने ममता सरकार और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इससे कल्पना की जा सकती है कि कितनी पारदर्शी सरकार है। यह लोकतंत्र में विश्वास करने लायक है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा सरकार सबको विश्वास में लेकर कई प्रकार के निर्णय लेती है। पीएम मोदी ने पहले ही कहा था कि तुष्टीकरण की राजनीति नहीं होने देंगे। इस पर अब न्यायालय की मुहर लगी है। कोर्ट ने भी माना है ओबीसी के आरक्षण के बारे में भारत सरकार प्रयासरत रही है।

### जनसमस्याओं के प्रति प्रदेश सरकार गंभीर

पानी-बिजली की समस्या को लेकर एक सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार लोगों की पानी बिजली और अन्य समस्याओं के निराकरण के प्रयास में लगी हुई है। भजनलाल सरकार ने एडवाइजरी जारी कर बिजली पानी के कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर उन्हें पाबंद किया है। साथ ही कहा गया है कि रात में बिजली कटौती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार पानी, बिजली और शिक्षा को लेकर गंभीर है। सरकार हर वर्ग को लेकर काम कर रही है। प्रदेश के हर नागरिक को मूलभूत सुविधा मिले इसको लेकर भजनलाल सरकार संकल्पित है।

### हिंदुओं को विस्थापित होने पर किया मजबूर

भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस और टीएमसी पर न्यायालय की गरिमा और आस्था पर प्रहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के नाम पर ये लोग किसी भी हद तक गिर सकते हैं। खुद की सरकार को पारदर्शी सरकार बताकर ममता बनर्जी ने बंगाल में आज हिंदुओं को विस्थापित होने को मजबूर कर दिया है। आज बंगाल में समुदाय विशेष के लोगों को विशेष तवज्जो दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुओ की उपेक्षा कर उनके खिलाफ निरंतर अत्याचार बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई अवसरों पर कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति और हिंदू विरोधी मानसिकता पर प्रहार किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग के आरक्षण को लेकर गंभीर है, इसलिए 2017 में न्यायाधीश रोहिणी के नेतृत्व में कमीशन बनाकर ओबीसी आरक्षण की समीक्षा करने का काम शुरू किया। देश की 51 फीसदी ओबीसी आबादी के हितों पर कोई कुठाराघात न हो इसके लिए पीएम मोदी निरंतर प्रयासरत हैं। दूसरी ओर इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के आधार पर देश को बांटने का काम कर रहा है।

### कई इलाकों में लोगों से लिया फीडबैक

# बिजली बंद की बढ़ी शिकायतें... अब फील्ड में उतरे अफसर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में इन दिनों चल रही हीटवेव से लोगों को बचाने के लिए घरों में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर डेस्कॉम प्रशासन सजग हो गया है। बिजली जाने की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अब विभाग के आलाधिकारी खुद फिल्ड में उतर रहे हैं। जिन जगहों पर बिजली बंद की शिकायतें ज्यादा हैं वहां पहुंचकर अधिकारी लोगों से फीडबैक और समस्या की जांच में जुट गए हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को जयपुर डिस्कॉम के जयपुर जोन के मुख्य अभियन्ता आर. के. जीनवाल ने टीम के साथ जयपुर शहर की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों में जाकर विद्युत तंत्र का निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं से विद्युत आपूर्ति संबंधित जानकारी ली। मुख्य अभियन्ता ने अपनी टीम के साथ मुरलीपुरा क्षेत्र में विकास नगर, आर्य नगर, झोटवाड़ा क्षेत्र में चूड़ी मार्केट, मानसरोवर कॉलोनी, कालवाड़ रोड़, रेल्वे ऑफिसर्स कॉलोनी, गुर्जर कॉलोनी, बृजमंडल कॉलोनी क्षेत्र में स्थापित विद्युत तंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय निवासियों एवं उपभोक्ताओं से विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। फील्ड में निरीक्षण के दौरान बृजमंडल कॉलोनी के उपभोक्ता ने मुख्य अभियंता जीनवाल को बताया कि ट्रांसफार्मर के ओवरलोड की समस्या आ रही है।



इस पर मुख्य अभियन्ता द्वारा मौके पर ही फील्ड अधिकारियों को उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाकर अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए। विद्युत तंत्र के निरीक्षण के दौरान जहां-जहां तंत्र में आवश्यक सुधार की आवश्यकता है, वहां मौके पर ही मौजूद फील्ड अधिकारियों को अविलम्ब निस्तारण के लिए उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### दाना-पानी की नियमित व्यवस्था करने का लिया संकल्प

# दी बार एसोसिएशन ने शुरू किया 'परिंडा लगाओ' अभियान

बेधड़क | चाकसू

भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से गुरुवार को परिंडा लगाओ अभियान शुरू किया गया। इसके तहत चाकसू सिविल न्यायालय परिसर में एसीएमएम-15 स्वाती व्यास एवं एमएम-19 कंचन सिंह राजावत ने अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों ने बार एसोसिएशन चाकसू के अभियान की प्रशंसा करते हुए परिंडों में नियमित रूप से दाना-पानी की व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी तय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है। हम सभी को इसका अनुसरण करना चाहिए। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा व महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में बार के अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर एवं इसके आस-पास अधिक से अधिक परिंडे लगाए जाने एवं उनमें नियमित पानी भरने एवं दाने की व्यवस्था का सकल्प लिया। एडवोकेट सुनील शर्मा ने बताया कि अभियान के शुभारंभ के दौरान पूर्व महासचिव लोकेश कुमार शर्मा, श्रवणलाल शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, चंद्रप्रकाश बैरवा, किशन प्रजापत, अंकित सैनी, गोपाल प्रजापत, रामलाल जाट, पुखराज शर्मा, हेमराज प्रजापत, विनोद चौधरी, जितेश शर्मा, नरसी मीणा, सीपी टेलर समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।



### आवासन मंडल के कार्यों को समयबद्ध रूप से करने के निर्देश

# तकनीकी सहायता से स्मॉर्ट वर्किंग का आह्वान

बेधड़क | जयपुर

आवासन मण्डल अध्यक्ष टी रविकांत ने आधुनिक युग में तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर विकास कार्यों को समयद्ध रूप से पूरा करने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है। ऐसे में मंडल को भी तकनीक का उपयोग कर कार्यों को जल्द और समय पर पूरा करना चाहिए। चाहे योजनाओं के दौरान दिए जाने वाले मुआवजे के रूप में पट्टे हों या ई-नीलामी हो, हर तरह के कार्य के लिए मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग स्मार्ट वर्किंग पर का माहौल बनाना चाहिए। इससे मंडल आमजन की आवश्यकताओं को तय समय पर पूरा कर सकेगा। मंडल अध्यक्ष टी. रविकांत गुरुवार को मंडल के बोर्ड कक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इसमें उन्होंने पिछले महीने हुई बैठकों में दिए गए निर्देश तथा सुझावों पर अब तक किए गए काम का फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं अध्यक्ष ने सजग एप से कार्यों की प्रगति और उसके अनुसार किए जा रहे भुगतान के बारे में भी फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सजग एप के माध्यम से आवासन मंडल को भी सजग रहना होगा, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि से बचा जा सके। टी रविकांत ने विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि पेड़ लगाएंगे, तभी हम भविष्य को सुरक्षित बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार हाउसिंग बोर्ड भी एक लाख से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना अहम योगदान दें। बैठक में आयुक्त इंद्रजीत सिंह, सचिव डॉ. अनिल कुमार, मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, मुख्य अभियंता एचक्यू मनोज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




### क्राउड फंडिंग से राशि जुटाएगी पार्टी

# कांग्रेस के नए प्रदेश मुख्यालय निर्माण की बंधी आस, कार्ययोजना तैयार

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के शिप्रा पथ पर आठ महीने पहले शिलान्यास के बाद निर्माण शुरू होने की राह देख रहे प्रदेश कांग्रेस के नए मुख्यालय का काम अब शुरू होने की उम्मीद बंधी है। इसकी कार्ययोजना पार्टी ने शुरू कर दी है।

अब 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद इसे अमलीजामा पहनाने का काम किया जाएगा। नए मुख्यालय भवन के निर्माण के लिए कांग्रेस ने क्राउड फंडिंग के जरिए रकम जुटाने का फैसला लिया है। कांग्रेस के महासचिव और प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 4 जून को परिणाम आने के बाद पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से एक कमेटी का गठन किया जाएगा और प्रदेशभर में क्राउड फंडिंग के लिए अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही कांग्रेस की विचारधारा में भरोसा रखने वाले लोगों से भी नए मुख्यालय के भवन के लिए सहयोग लिया जाएगा। दरअसल, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने 23 सितंबर 2023 को जयपुर में शिप्रा पथ पर पार्टी के नए मुख्यालय का भूमि पूजन किया था। अब तक इस जमीन पर नींव तक नहीं भरी गई है।




इसके पीछे धन की कमी मुख्य कारण माना गया। साथ ही पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में नेताओं की व्यस्तता भी बड़ा कारण रहा। अब लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद इस भवन का काम शुरू होने की उम्मीद है। इसकी कार्ययोजना भी तय कर ली गई है।

### 6000 वर्ग गज भूमि हुई थी आवंटित

प्रदेश के हजारों कार्यकर्ताओं व बड़े पदाधिकारियों की मौजूदगी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने द्रव्यवती रिवर फ्रंट के पास बनने वाले नए मुख्यालय भवन का शिलान्यास और भूमि पूजन 23 सितंबर 2023 को किया था। इस भवन के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 6,000 वर्गगज जमीन आवंटित की थी। पिछले साल हुए शिलान्यास कार्यक्रम में सभी पार्टी पदाधिकारियों को बुलाया गया था।

### इंदिरा गांधी के नाम पर होगा भवन

कांग्रेस के नए मुख्यालय का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर करने का फैसला लिया था। प्रदेश कांग्रेस ने इस भवन निर्माण के लिए मिशन मोड में काम करने की रणनीति तैयार कर ली है।

### 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी

कांग्रेस का नया मुख्यालय मल्टीस्टोरी होगा। इसके भवन निर्माण में करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। यह नया भवन हाईटेक होगा, जिसमें तमाम सुविधाएं होंगी और आधुनिक शैली में इसका निर्माण किया जाएगा। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के अलग-अलग कक्ष बनाए जाएंगे। साथ ही अन्य पदाधिकारियों के बैठने की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। बता दें कि अभी तक कांग्रेस पार्टी का खुद का भवन नहीं है। फिलहाल प्रदेश कांग्रेस का कार्यालय संसार चंद्र रोड पर संचालित हो रहा है।

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर
Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s2(f) of the UGC Act 1956




ADMISSIONS
OPEN NOW
2024-25

More Information
+91 9289800300

COMMERCE AND MANAGEMENT
LEGAL STUDIES
NURSING SCIENCES
ALLIED HEALTH SCIENCES
COMPUTER SCIENCE AND APPLICATIONS
DENTAL SCIENCES
AGRICULTURAL SCIENCES
PARAMEDICAL SCIENCES
ENGINEERING AND TECHNOLOGY
ARTS, HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
BASIC AND APPLIED SCIENCES
PHARMACEUTICAL SCIENCES
YOGA AND PHYSICAL EDUCATION

SALIENT FEATURES
- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

25+ STATES
20000+ STUDENTS' NETWORK
25 Yrs' OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

CONTACT US :
MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### भामाशाह ने स्कूल में पंखे किए भेंट, लगाए परिंडे



**चाकसू।** हिंगोनिया गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भामाशाहों ने 4 छत के पंखे भेंट किए हैं। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मंजू सांवरिया को भामाशाहों ने पंखे भेंट किए। भामाशाह परिवार ने भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह राजावत ने बताया भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए विद्यालय परिसर एवं आस-पास गांव में परिंडे लगाकर दाना-पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली गई। इस दौरान चंद्र प्रताप सिंह राजावत, देवेंद्र सिंह राजावत, भंवर कंवर, आशीष मीणा, नारायण लाल बैरवा, रामू कंवर, मंजू जोशी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**सिरोही।** आबूरोड सदर पुलिस थानांतर्गत रेवदर मार्ग पर बहादुरपुरा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना बुधवार देर रात की है। इसमें मोटर साइकिल सवार गिरवर पीएस आबूरोड सदर निवासी लल्लूराम (26) पुत्र वीरमाराम गरासिया एवं महीखेड़ा, पीएस आबूरोड सदर निवासी ललित (24) पुत्र भटाराम गरासिया रेवदर की ओर से मोटर साइकिल पर आ रहे थे। बहादुरपुरा के पास किसी अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।

### ट्रक की केबिन में मिली 5 लाख की अवैध शराब



**अजमेर।** जिले के मांगलियावास थाना अंतर्गत सराधना में की गई नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने शराब से भरा ट्रक पकड़ा है। पुलिस ने ट्रक की केबिन में छुपाकर ले जाई जा रही 5 लाख रुपए की शराब के 76 कर्टन जब्त किए हैं। वहीं ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि टीम को ट्रक में अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर सरधना नेशनल हाईवे 8 पर नाकाबंदी की। ट्रक को रुकवाकर चेकिंग की गई, जिसमें अंग्रेजी शराब के 76 कार्टन बरामद हुए। पूछताछ के बाद चित्तौड़गढ़ निवासी ट्रक ड्राइवर धनराज खारोल (50) पुत्र रूपलाल को गिरफ्तार किया है।

**वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए** यातायात पुलिस ने यूआईटी को भेजा प्रस्ताव

# शहर में 7 जगह लगेगी ट्रैफिक लाइट, जाम से मिलेगी मुक्ति

**बेधड़क** | अलवर



ट्रैफिक के बढ़ते दवाब को देखते हुए शहर के कई प्वाइंटों पर जल्द ही यातायात पुलिस की ओर से ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी। शहर में नई ट्रैफिक लाइट लगाने को लेकर यातायात पुलिस की ओर से प्रयास शुरू किए गए हैं।

यातायात पुलिस ने नई ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के माध्यम से नगर विकास न्यास को पत्र लिखा है।

अलवर शहर में पुलिस के ट्रैफिक इंचार्ज हरिओम मीना ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से चिह्नित किए गए प्वाइंटों में कुछ संवेदनशील पाइंट हैं, जहां आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं होती रही हैं। इसके चलते यातायात विभाग ने ट्रैफिक लाइट की जरूरत को देखते हुए नगर विकास न्यास से 7 ट्रैफिक लाइट लगवाने की मांग की है।

ट्रैफिक इंचार्ज मीना ने बताया कि अलवर शहर में अभी 5-6 जगह पर ही ट्रैफिक लाइट संचालित की जा रही है, लेकिन शहर में वाहनों का लोड बढ़ रहा है। इसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। शहर में ट्रैफिक लोड को व्यवस्थित करने के लिए यातायात पुलिस की ओर से शहर में कुछ प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं, जहां ट्रैफिक लाइट लगाने की जरूरत है।

### इन पॉइंट्स पर लगेंगे सिग्नल

ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि अभी शहर में भवानीतोप चौराहा, एसएमडी सर्किल, बिजली घर चौराहा, भगत सिंह चौराहा व जेल सर्किल पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था है। अब शहर के अन्य पॉइंट्स टेल्को चौराहा, नमन होटल, वैशाली नगर कट, एनईबी थाने के सामने कट, हनुमान सर्किल, भूगोर चौराहा, डीइओ ऑफिस के सामने वाले पॉइंट्स पर ट्रैफिक लाइट की जरूरत है।

### दुर्घटनाओं की हो सकेगी रोकथाम

यातायात पुलिस की ओर से चिह्नित किए गए 7 प्वाइंटों में से कुछ ऐसे हैं, जहां आए दिनों दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ट्रैफिक लाइट लगने से इन प्वाइंटों पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अलवर शहर के 200 फीट रोड पर भारी वाहनों के चलते कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। वहीं अलवर- रामगढ़ मार्ग स्थित सूर्य नगर पर भी हादसे होने से कई लोगों की मौत हुई है। कुछ साल पहले अलवर नगर परिषद के पार्षद कपिल राज शर्मा की मौत भी इसी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में हुई थी।

**अपराधी को साथ ले जाने के दौरान** भीड़ ने पुलिस पर बरसाए पत्थर

# पुलिस टीम पर हमला, फायरिंग कर बदमाश को छुड़ा ले गए

**बेधड़क** | कोटा

बूंदी में कोटा पुलिस की टीम पर तलवार से हमला करने और फायरिंग कर मोस्ट वांटेड अपराधी को छुड़ा ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे बूंदी में नाकेबंदी करवा दी और वाहनों की कड़ी तलाशी ली गई।

वहीं हमलावरों की तलाश में ने गांव में दबिश दी। पुलिस टीम पर हमले की सूचना पर हिंडोली डीएसपी घनश्याम मीणा और प्रभारी पवन मीणा पुलिस बल के साथ बासनी गांव में पहुंचे। हमलावरों के खिलाफ पुलिस हिंडोली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हिंडोली थानाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि अनंतपूरा थाना के मॉस्ट वांटेड रामराज मीणा के हिंडोली क्षेत्र के बासनी गांव में होने की सूचना मिली थी। इस पर अनंतपुरा पुलिस टीम हिंडोली पहुंच गई। स्थानीय पुलिस भी साथ में मौजूद थी। गांव में तलाशी के बाद मोस्ट वांटेड अपराधी रामराज को टीम ने डिटेन कर लिया था। इसके बाद उसे हिंडोली थाने ले जाया जा रहा था। तभी पुलिस टीम पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस पर तलवार से हमला करने का प्रयास किया गया। इसी बीच हमलावरों ने फायरिंग भी की और भीड़ ने पुलिस से बदमाश को छुड़ा लिया। इस हमले में पुलिस के जवान बाल-बाल बच गए। बदमाश को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह गांव छोड़कर भाग चुका था। सूचना पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।



### मंडी से एक ट्रक गेहूं चोरी करने का आरोप

कोटा अनंतपुरा थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया की कोटा के भामाशाह मंडी से एक ट्रक गेहूं गायब हो गया था। पुलिस मामले में रामराज मीणा को आरोपी बनाया था। पिछले 1 साल से अनंतपूरा थाना पुलिस रामराज की तलाश रही थी। इसी बीच रामराज के बूंदी जिले के बासनी गांव में छिपे होने की खबर मिली थी। सूचना मिलने पर कोटा रामराज मीणा को पकड़ने गई थी। गांव पहुंचकर पुलिस ने बदमाश रामराज को पकड़ लिया और उसे अपने साथ ला रही थी, तभी पुलिस टीम पर हमला करके बदमाश को छुड़ा ले गए।

### डेढ़ माह पहले भी हुआ था पुलिस टीम पर हमला

सदर थानाधिकारी भगवान सहाय ने बताया कि 30 मार्च को भी पुलिस पर हमला हुआ था। तालेड़ा थाना क्षेत्र के बल्ल्लोप निवासी उच्छब मीणा और सुरेंद्र मीणा की नंदपुरा गांव में छिपे होने की सूचना थी। सूचना पर तालेड़ा पुलिस आरोपियों को पकड़ने गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया था। माटुंदा बड़ी नहर के पास पुलिस पर हमला करके अपराधी को छुड़ा ले गए थे। पुलिस के प्राइवेट वाहन पर भी तोड़फोड़ की थी। हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घायल एएसआई हरीश शर्मा के चार टांके लगे हैं।

**होटल व टोल प्लाजा पर की तोड़फोड़**

# बेखौफ बदमाशों ने चार थाना क्षेत्रों में मचाया आतंक

**बेधड़क** | बीकानेर

जिले में एक बार फिर से बेखौफ बदमाशों का आतंक देखने को मिला है। काले रंग की बोलेरो में सवार चार बदमाशों ने चार थाना क्षेत्रों में जमकर उत्पात मचाया। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। बोलेरो सवार बदमाशों ने पहले बीछवाल शोभासर टोल नाके पर काम करने वाले कर्मचारियों से मारपीट की। इसके बाद वे वहां से खारा इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे, जहां एक ट्रांसपोर्टर से मारपीट कर वहां से फरार हो गए।

इसके बाद वे जयपुर बाइपास पहुंच गए, जहां एक होटल पर काम करने वाले चंद्र प्रकाश बिश्नोई पर हमला बोल दिया। बदमाश इतने में ही नहीं रुके, उन्होंने आगे सेरूणा थाना इलाके के एनएच-11 स्थित एक होटल में भी जमकर तोड़फोड़ कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस फायरिंग से इलाके में लोग सहम गए। बोलेरो सवार बदमाश घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गए। होटल मालिक गुंसाईसर छोटा निवासी रामनिवास पुत्र सुरजाराम ने बताया कि उसकी गांव के ही कुछ लोगों से



अनबन चल रही है। इसके चलते आरोपी युवक बुधवार सुबह-सुबह आए और होटल कांच तोड़ने लगे। कांच टूटने की आवाज से बाहर आकर देखा तो रामस्वरूप निंबडिया, विजयपाल जाट सीताराम और कालू भार्गव उसकी होटल में तोड़फोड़ कर रहे थे। उन्हें ऐसा करने से मना करने पर रामस्वरूप ने पिस्टल निकालकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और फिर फरार हो गए। फायरिंग, तोड़फोड़ की पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर एसपी तेजस्विनी गौतम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी प्यारेलाल शिवरान के नेतृत्व में 10 टीमें बनाई और बदमाशों की तलाश शुरू की। पुलिस ने बुधवार शाम को चारों बदमाशों को जामसर थाना इलाके से पकड़ लिया। आरोपी के पास पिस्टल, देशी कट्टा, कारतूस बरामद किए हैं।

**पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से** समझाइश कर खुलाया रास्ता

# बिजली कटौती से लोग परेशान

**बेधड़क** | जोधपुर

बिजली और पानी की समस्या से आमजन परेशान हैं। बिजली की अघोषित कटौती और लोड शेडिंग के नाम पर बार-बार ट्रिपिंग आने के कारण लोग आक्रोशित हैं। गुरुवार को लोगों का आक्रोश सड़कों पर उतर आया।



दल्लेखां की चक्की पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष बिजली कटौती के विरोध में सड़क पर उतरे आए। लोगों ने रास्ता रोका और नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों के विरोध प्रदर्शन की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश की। इस दौरान बिजली निगम के अधिकारियों के खिलाफ लोगों का जमकर गुस्सा फूटा और लोड शेडिंग के नाम पर हो रही बिजली कटौती को लेकर नाराजगी जताई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के बावजूद भी बिजली कटौती हो रही है। इसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं आने के कारण पानी की समस्या भी बढ़ गई है। बिजली के अभाव में पानी की मोटर नहीं चल पा रही हैं। इसके कारण घरों तक पेयजल की सप्लाई भी बाधित हो रही है। इतना ही नहीं रात को भी बिजली बार-बार बंद हो जाने से रात में सोना भी हराम हो चुका हैं।

**मानव श्रृंखला बनाकर झील के संरक्षण की उठाई मांग**

# आनासागर झील की दुर्दशा पर फूटा गुस्सा

**बेधड़क** | अजमेर

आनासागर संरक्षण संघर्ष समिति अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील में बढ़ती जलकुंभी पर जिला प्रशासन, नगर निगम एवं जन प्रतिनिधियों की संवेदन हीनता के चलते गुरुवार को शहरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा।

बड़ी संख्या में शहरवासी आनासागर चौपाटी पर एकत्र हुए और मानव श्रृंखला बनाकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। आनासागर संरक्षण संघर्ष समिति के आह्वान पर लोगों ने झील के संरक्षण की पूरजोर मांग उठाई। लोगों ने मांगे लिखी हुई तख्तियां हाथों में लेकर प्रदर्शन किया और ऐतिहासिक झील को बचाने की ओर ध्यान देने की मांग की। गौरतलब है कि अजमेर की ऐतिहासिक आना सागर झील पिछले 3 महीने से जलकुंभी से ग्रस्त है और जिला प्रशासन नगर निगम एवं जन प्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के कारण आनासागर झील की दुर्दशा हो रही है। आनासागर झील में सीवरेज एवं नालों का गंदा पानी आने के कारण जलकुंभी से निजात नहीं मिल पा रही है। इससे व्यथित शहरवासियों ने जिला प्रशासन नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोला है।




लोगों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर भविष्य में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख सत्य किशोर सक्सेना, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के मोहन चेलानी, सचिव क्लीन स्कूल संस्थान के सुरेश माथुर, राजेन्द्र गुंजन ने संबोधित किया।

**गांव में मची भगदड़, सात लोग घायल**

# पगड़ी की रस्म के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में लाठी-भाटा जंग

**बेधड़क** | डीग

डीग के गांव इकलहरा में बुधवार को पगड़ी रस्म के दौरान डीजे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान जमकर मकान की छत से पथराव किया गया और लाठियां चली। पथराव को देखते हुए पूरे गांव में भगदड़ का माहौल हो गया। लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

गांव की सड़कों पर ईंट-पत्थर ही नजर आने लगे। इस झगड़े में एक लड़की सहित 7 जने घायल हो गए। चार की हालत गंभीर होने पर भरतपुर रैफर किया गया। तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस जाब्ता तैनात है। दरअसल, बुधवार को गांव इकलहरा में रोहतास शर्मा की स्वर्गीय मां शांति देवी का ब्रम्हभोज और पगड़ी रस्म चल रहा था।

इसी दौरान डीजे बजाने की बात को लेकर बाबूलाल शर्मा और रोहतास शर्मा परिवार के सदस्यों में कहासुनी हो गई और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडा लेकर आ गए। इस दौरान पथराव किया गया। मकान की छतों पर चढ़कर महिला-पुरुष जमकर पथराव करने लगे।

### दोनों पक्षों के अलग-अलग आरोप

बाबूलाल शर्मा का आरोप है कि डीजे निकलने के दौरान गाड़ी के लिए रास्ता मांगने को लेकर आपस में कहासुनी के बाद झगड़ा हुआ। जबकि रोहतास शर्मा पक्ष का आरोप है कि बाबूलाल पक्ष के लोगों ने ब्रह्म भोज में खाना खाने डीग से आई लड़की से छेड़छाड़ की और मारपीट की। थाना अधिकारी कोतवाली रामकेश मीणा ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला है कि पगड़ी रस्म के दौरान डीजे बजाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। लड़की से छेड़छाड़ के आरोप की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।



### पथराव में ये लोग हुए घायल

पथराव के दौरान एक पक्ष के बाबूलाल (58) पुत्र राम चरण, भगवान (56) पुत्र रामचरण शर्मा घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के रोहतास (30) पुत्र राम खिलाड़ी, सियाराम (26) पुत्र रघुवीर, राकेश (35) पुत्र रघुवीर, टीकम (50) कमल शर्मा और मंजू (21) पुत्री पाल सिंह सैनी घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने के बाद लाठी-भाटा जंग और पथराव बंद हुआ। डीग कोतवाल रामकेश मीणा ने घायलों को डीग रेफरल चिकित्सालय में दाखिल कराया। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर रूप से घायल एक पक्ष के बाबूलाल और दूसरे पक्ष के रोहतास, सियाराम और मंजू को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर रैफर किया गया है। गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात कर दोनों ही पक्षों के लोगों से शांति बनाए रखने के लिए पुलिस के द्वारा समझाइश की गई।

## जरूरी खबर

### गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को नोटिस



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों एवं आमजन के प्रति सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। गुरूवार को झोटवाड़ा जोन के बाजारों में स्थित दुकानदारों को कचरा सार्वजनिक स्थानों पर नहीं डालने एवं उत्पन्न होने वाले कचरे को निगम के हूपर्स में डालने के लिये व्यक्तिगत रूप से समझाइश की गई। झोटवाड़ा जोन टीम द्वारा सड़क पर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत नोटिस जारी कर मौके पर ही 11 हजार रूपये का जुर्माना राशि वसूल की गई। आयुक्त रुक्मणी रियाड ने बताया कि यदि प्रतिष्ठान, रेस्टोरेंट, ढाबा, मैरिज गार्डन, होटल, प्रतिष्ठानों के आसपास यदि गंदगी पाई जाती है या भवन निर्माण सामग्री या पानी भरा पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बुद्ध पूर्णिमा पर गलता जी में स्नान कर दान पुण्य

**जयपुर।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलता जी में गलतपीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज के पावन सान्निध्य में बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान–पुण्य किया। श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन रहा और यह क्रम दिनभर चला। हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया तत्पश्चात ठाकुर जी के दर्शन किए एवं आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात गलता पीठ में निरंतर चल रहे अन्नक्षेत्र में प्रसादी ग्रहण की और गायों को चारा खिलाया एवं दान–पुण्य किया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## हिंगोनिया गोशाला में छह हजार गोवंश को गर्मी से बचाने के लिए हेरिटेज निगम की पहल

# तिरपाल की छांव में रहेंगी गायें, पानी की बौछारें देंगी ठंडक

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के तेज गर्मी के प्रकोप से आमजन के साथ-साथ जीव भी परेशान हो रहे है। भीषण गर्मी से आमजन को बचाने के लिए हेरिटेज निगम की ओर रास्ते में तिरपाल और पानी की बौछार भी कराई जा रही है। वहीं, नगर निगम की ओर से संचालित हिंगोनिया गोशाला में भी गोवंश को राहत दिलाने के लिए निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने पहल की है। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश के बाद गोशाला में गोवंश के लिए एंटी स्मॉग गन से पानी की बौछार कराई जा रही है, जिससे तपती दोपहरी में भी गोवंश को राहत मिल रही है। साथ ही गोवंश को तेज धूप का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए गोशाला परिसर में ही विशाल तिरपाल भी लगाया जा रहा है। इस तिरपाल के लगने से करीब छह हजार गायें तेज धूप से बच सकेंगी। हिंगोनिया गोशाला में लगभग 27 टीन शेड लगाकर गोवंश के लिए छाया और भोजन का प्रबंधन किया जा रहा है।



### 18 हजार गोवंश को मिल रही राहत

इस संबंध में पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि शहर में लगातार तेज गर्मी पड़ रही है, जिससे बचाव के लिए हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले कई दिन ये राजधानी में एंटी स्मॉग गन से पानी की बौछार कराई जा रही है। ऐसे में हिंगोनिया गोशाला में भी हीटवेव से गोवंश को बचाने के लिए पानी की बौछार कराई गई है। इससे गोशाला में रह रही 18 हजार 95 गोवंश गोवंश को गर्मी से राहत मिल रही है। ये व्यवस्था तेज गर्मी रहने तक चलेगी।

### बड़े तिरपाल से 6000 गोवंश को मिलेगी राहत

वहीं, उपायुक्त पशु प्रबंधन ने बताया कि इन 18 हजार 95 गोवंश में 13 हजार गोवंश तो टीनशेड के नीचे है, वहीं छह हजार गोवंश के लिए बड़ा तिरपाल भी लगाया जा रहा है, जिससे उनके लिए छाया की व्यवस्था हो सके। तिरपाल लगाने का काम शुरू हो चुका है। ये दो दिन में तैयार हो जाएगा।

## जीएसटी में अनियोजित एक्स काडर पोस्टिंग से हर माह एक करोड़ का चूना!

# न पोस्ट...ना ही वर्क प्रोफाइल बैठने तक की भी जगह नहीं

- 41 अफसर सालभर से पोस्टेड, अधिकांश के पास अभी भी कोई काम ही नहीं
- उच्च प्रबंधन जानकारी नहीं होने की बात कर मामले से झाड़ रहे हैं पल्ला

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में वाणिज्यिक कर विभाग (जीएसटी) के अधिकारियों की एक्स काडर पोस्टिंग सरकार के लिए हर माह करीब एक करोड़ रुपए के घाटे का सबब बन गई है। वित्त विभाग एवं जीएसटी के आला अधिकारियों के अनियोजित आदेशों के चलते जीएसटी के एक्स केडर पोस्टिंग पर गए 41 अधिकारियों में से अधिकतर के पास कोई काम नहीं है। बिना किसी काम के बीते एक साल से हाजरी बजा रहे हैं। इन अधिकारियों के पास काम नहीं होने से करीब एक करोड़ का चूना हर माह सरकार को लग रहा है। ये अधिकारी एक्स काडर पोस्टिंग में करीब एक साल बीत जाने के बाद भी अलग-अलग विभागों में काम की बाट जोह रहे हैं। वहीं उच्च प्रबंधन जानकारी ना होने की बात कर मामले से पल्ला झाड़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक अधिकारी की एक लाख से अधिक की तनख्वाह एवं इनके आउटपुट से मिलने वाले राजस्व की हानि मिलाकर हर माह एक करोड़ से अधिक की होती है।




> जिन विभागों में एक्स कॉडर पोस्टिंग दी गई है, उनका दायित्व है कि वे काम करवाएं। सोच-समझकर ही एक्स कॉडर पोस्टिंग दी जाती है।
>
> **केके पाठक,** वित्त सचिव (राजस्व)

### जनवरी में दी गई थी पोस्टिंग

दरअसल विभिन्न विभागों में जीएसटी टेक्स अनुपालन के लिए जीएसटी विभाग के अधिकारियों को एक्स काडर पोस्टिंग जनवरी 2023 में दी गई थी। इन्हें खान, जल संसाधन, जेवीवीएनएल, जेडीए, पीएचईडी समेत अन्य विभागों में पोस्टिंग दी गई थी, लेकिन अधिकतर में ना तो इनके लिए कोई पोस्ट क्रिएट है, ना ही कोई वर्क प्रोफाइल। ऐसे में ये अधिकारी हाजिरी लगा कर हर रोज वापिस आ रहे हैं। ना इनके लिए कोई गाड़ी उपलब्ध है ना ही बैठने का स्थान। गंगानगर शुगर मिल और आरएसबीसीएल सरीखे कार्यालयों को छोड़कर अधिकतर में काम ना के बराबर है।

### इन अधिकारियों को इंतजार

गत वर्ष 14 जनवरी को वित्त विभाग ने आदेश कर वाणिज्यिक कर सेवा के 148 अधिकारियों की जंबो तबादला सूची जारी की। इसमें 41 अधिकारियों को एक्स कैडर दिया गया। इनमे संजय कुमार को राजस्व अनुसंधान, सुरेंद्र सिंह को जेडीए जोधपुर, शिल्पी शर्मा को अजमेर विद्युत निगम लिमिटेड, नीतू भारद्वाज खान विभाग, छोटू सिंह जेडीए जयपुर, निशी रानी एकीकृत विकास प्राधिकरण भिवाड़ी, महेंद्र छंगाणी को बिजनेस ऑडिट जोधपुर, रविंद्र नेगिवखान विभाग जोधपुर, ओंकार सिंह जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, रेणुका वर्मा बिजनेस ऑडिट कोटा, हेमंत चौहान बिजनेस ऑडिट उदयपुर, नरेश कुमार बिजनेस ऑडिट जयपुर, अंजलि चौधरी राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर, हरिकृष्ण खान विभाग उदयपुर, ओम प्रकाश जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, भरत सिंह को बीआईपी जयपुर, शारदा देवी खान विभाग अजमेर, आनंद सिंह अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, श्रुति गौतम अजमेर विकास प्राधिकरण, रश्मि शर्मा पीडब्ल्यूडी जयपुर, प्रवीण कुमार मीणा विद्युत वित्त निगम जयपुर, रिद्धिचंद मीना विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड जयपुर, मुकेश गर्ग को पीडब्ल्यूडी जोधपुर, अजय कुमार को जेवीवीएनएल, विजय लक्ष्मी को बिजनेस ऑडिट भीलवाड़ा, संतोषी कुमारी खान विभाग कोटा, अनिता मीना जेवीवीएनएल जयपुर, सपना राजोरिया एवीवीएनएल अजमेर, अमित वैष्णव रीको जोधपुर, महेश प्रकाश खान विभाग बीकानेर, विनीत शर्मा रीको उदयपुर , राजकुमार शर्मा बीआईपी जयपुर, पूनम गोयल गंगानगर शुगर मिल जयपुर, नरपत दान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड जयपुर, नरेंद्र सिंह खान विभाग जयपुर, भाखरा राम जल संसाधन विभाग जोधपुर, अनुराधा चौधरी पीएचईडी जयपुर, जया शर्मा बिजनेस ऑडिट जयपुर, शुचि रायजादा पीएचईडी जोधपुर, अखिलेश कुमार विद्युत वित्त निगम जयपुर, अभिषेक गंगोनिया बिजनेस ऑडिट जयपुर एवं राजेश बुनकर जल संसाधन विभाग जयपुर मे ट्रांसफर किए गए थे।

## मंदिर में पानी बचाने की पहल

# एक घंटे की जगह 15 मिनट ही कराया गोविंद को जल विहार


फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में वैशाख माह ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन दोपहर में रियासत कालीन चांदी के फव्वारे से शीतलता प्रदान करते हुए ठाकुरजी को 15 मिनट ही जल विहार करवाया गया। मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि ऐसा करने के पीछे भक्तों को पानी बचाने का संदेश देना है।

गौरतलब है कि कुछ साल पूर्व तक वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से एक महीने तक जलविहार की झांकी होती थी, जिसमें एक घंटे भगवान को जलविहार कराया जाता था। विशेष तिथि और उत्सव पर ही जलविहार की झांकी सजेगी। इसका समय भी एकादशी और ज्येष्ठाभिषेक के अलावा महज 15 मिनट निर्धारित किया गया है। दोपहर 12:30 से 12:45 बजे तक ठाकुरजी की जल यात्रा निकाली जाएगी।

ठाकुर जी के जलयात्रा उत्सव का जल मंदिर के पीछे जय निवास उद्यान की ओर छोटे नाले से निकलता है। लोग नाले के नीचे बैठकर स्नान करते हैं और इस जल को बोतल में भरकर घर ले जाते हैं।

जलयात्रा के दौरान तरबूज, आम, जामुन, लीची, फालसे सहित अन्य ऋतु फल अर्पित किए जाएंगे। वहीं, खस और गुलाब के शरबत का भी भोग लगाया जाएगा। ठाकुरजी को जलविहार कि सेवा 22 जून ज्येष्ठाभिषेक तक की जाएगी।

## जेडीए की जोन-10 में कार्रवाई

# अठारह बीघा भूमि पर बन रही दो अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 2 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। जोन-8 में यातायात कन्ट्रोल पुलिस के साथ सामूहिक अभियान के तहत सांगानेर सर्किल से चोरड़िया पेट्रोल पम्प, मालपुरा गेट, सवाई माधोपुर टूटी पुलिया तक करीब 05 किमी. तक रोड सीमाओं को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में आगरा रोड, ग्राम लुनियावास, बाबा बालकनाथ आश्रम के पीछे करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन केबन रही द्वारकापुरी अवैध कॉलोनी को प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया।

## वैशाख पूर्णिमा में मचान से वन्य जीवों की गणना

# लेपर्ड राणा और 'चांदनी' रात में निकले 'सैर' पर

**बेधड़क** | जयपुर

वैशाख पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को वाटर होल पद्धति से टाइगर और लेपर्ड के साथ ही अन्य वन्य जीवों की गणना शुरू हुई। यह 24 मई सुबह 8 बजे तक जारी रहेगी। इस दौरान सफारी ट्रैक पर लेपर्ड राणा और फीमेल लेपर्ड चांदनी नेचर फॉर्म तलाई वाटर पॉइंट पर नजर आई। 24 घंटे तक चलने वाली वन्य जीव गणना से पहले वनकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस बार जयपुर के झालाना लेपर्ड रिजर्व में भी कुल 12 वाटर पॉइंट पर मचान बनाए गए हैं। कई जगह पर वाटर पॉइंट्स पर कैमरे भी लगाए गए हैं। यहां पानी पीने के लिए आने वाले वन्य जीवों के फोटो कैमरे में कैद हो जाएंगे।




फोटो: पंकज शर्मा

## SMS में गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से नाराज हुई एसीएस शुभ्रा सिंह

# इमरजेंसी में डक्टिंग खराब... कूलर बंद, पंखे की हवा में परेशान हो रहे मरीज

**बेधड़क** | जयपुर

एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में डक्टिंग खराब थी, कूलर बंद था और मरीज भीषण गर्मी में पंखे की हवा में परेशान हो रहे थे। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में यह अव्यवस्था तब सामने आई जब गुरुवार को मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की एसीएस शुभ्रा सिंह एसएमएस हॉस्पिटल पहुंची। हॉस्पिटल के अधिकतर वार्डों में कमोबेश यही हालात थे। कई वार्डों में सेक्शन में कूलिंग सिस्टम (डक्टिंग, कूलर, एसी) खराब होने के कारण भर्ती और ओपीडी में आने वाले मरीज परेशान हो रहे थे। उन्होंने हॉस्पिटल प्रशासन को तत्काल कंटीजेंसी प्लान बनाने और 7 दिन में सभी व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। एसीएस सबसे पहले इमरजेंसी में गई। यहां डक्टिंग सिस्टम बंद मिला और कूलर भी नहीं चल था। केवल पंखे के सहारे यहां गर्मी से बचाव किया जा रहा था। इसे देखकर एसीएस नाराज हुई। उन्होंने अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी और जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई।



### सात दिन में करें हॉस्पिटल में गर्मी से बचाव के इंतजाम

एसीएस ने हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. भाटी को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कंटीजेंसी प्लान बनाए और अगले दो दिन के अंदर सभी खराब पड़े कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर को ठीक करवाकर उन्हें शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर हाल में सात दिन के अंदर हॉस्पिटल में गर्मी से बचाव इंतजाम सुचारू करने के लिए कहा। इसके बाद एसीएस यहां से जनरल मेडिसिन वार्ड, बांगड़ परिसर और चरक भवन भी गई। इस दौरान कई जगह वार्डों में खराब कूलर और पंखे दिखे, जिन्हें जल्द से जल्द ठीक करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसीएस संग सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी मौजूद रहे।

### नोडल ऑफिसर नियुक्त करने के निर्देश

हॉस्पिटल में खराब व्यवस्था को देखते हुए उनके सुधार के लिए एसीएस ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एसएमएस अस्पताल सहित सभी अस्पतालों में सुधार के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 28 मई तक नोडल ऑफिसर के जरिए हर हॉस्पिटल का प्लान पेश करने के लिए कहा। इसके साथ ही एसीएस ने शुक्रवार को हाई लेवल मिटिंग बुलाने के निर्देश दिए, जिसमें सभी जिलों के सीएमएचओ, मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य हॉस्पिटल के अधीक्षक समेत अन्य चिकित्सा अधिकारियों को जोड़ने के निर्देश दिए। ताकि हॉस्पिटल में हीटवेव से बचाव और मौसमी बीमारियों से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने पर चर्चा की जाएगी।

# रक्स करना है तो फिर पांव की जंजीर न देख



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

'मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर, लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया' उर्दू अदब में ऐसे बहुत कम शे'र हैं, जो शायर की शिनाख्त बन गए और आज भी सियासी, समाजी महफिलों और तमाम ऐसी बैठकों में कहावतों की तरह दोहराए जाते हैं। मजरूह सुल्तानपुरी गर अपनी जिन्दगी में इस शे'र के अलावा कुछ और नहीं लिखते, तब भी वे इस शे'र के बदौलत ही अदबी दुनिया में अलग से उनकी एक पहचान होती। ये बेश-कीमती शे'र है ही ऐसा, जो आज भी हजारों की भीड़ को आंदोलित, प्रेरित करने का काम करता है। इस शे'र को लिखे हुए एक लंबा अरसा गुजर गया, मगर इस शे'र की तासीर ठंडी नही हुई। उर्दू अदब में मजरूह सुल्तानपुरी का आगाज जिगर मुरादाबादी की शायरी की रिवायतों के साथ हुआ और आखिरी वक्त तक उन्होंने इसका दामन नहीं छोड़ा। मजरूह सुल्तानपुरी शुरू में तरक्कीपसंद तहरीक की विचारधारा और सियासत से रजामंद नहीं थे। इस विचारधारा से उनके कुछ इख्तिलाफ थे, लेकिन बाद में वे इस तहरीक के सरगर्म हमसफर बन गए। उनका यकीन इस बात में पुख्ता हो गया कि समाजी मकसद के बिना कोई भी अजीम आर्ट पैदा नहीं हो सकती। एक बार उनका यह खयाल बना, तो उनकी शायरी बा-मकसद होती चली गई। मजरूह सुल्तानपुरी की शायरी का शुरुआती दौर, आजादी के आंदोलन का दौर था। उस वक्त जो भी इंकलाबी मुशायरे होते, वे उनमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते। उनकी गजलों में तरन्नुम और सादगी का दिलकश मेल होता था।

मजरूह की शुरू की गजलों को यदि देखें, तो उनमें एक बयानिया लहजा है, लेकिन जैसे-जैसे उनका तजुर्बा बढ़ा, उनकी गजलों की जबान और मौजूआत में नुमायां तब्दीली पैदा हुई और इशारियत (सांकेतिकता) और तहदारी (गहराई) में भी इजाफा हुआ। मजरूह सुल्तानपुरी उन शायरों में शामिल रहे, जिन्होंने गजल की हमेशा तरफदारी की और इसे ही अपने जज्बात के इजहार का जरिया बनाया। गजल के बारे में उनका नजरिया था, 'मेरे लिए यही एक मोतबर जरिया है। गजल की खुसूसियत उसका ईजाज-ओ-इख्तिसार (संक्षिप्तता) और जामइयत (संपूर्णता) व गहराई है। इस ऐतिबार से ये सब से बेहतर सिन्फ है।' गजल की जानिब मजरूह की ये बेबाकी और पक्षधरता आखिर समय तक कायम रही। गजल के विरोधियों से उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अलबत्ता रिवायती गजल के घिसे-पिटे मौजू और तर्ज-ए-बयान को उन्होंने अपनी तरफ से बदलने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे कामयाब भी हुए। मजरूह की शायरी में रूमानियत और इंकलाब का बेहतरीन संगम है। ऐसी ही उनकी एक गजल के कुछ अश्आर इस तरह से हैं,'अब अहले-दर्द ये जीने का अहतिमाम करें/उसे भुला के गमे-जिंदगी का नाम करें।/...गुलाम रह चुके, तोड़ें ये बंदे-रुसवाई/खुद अपने बाजू-ए-मेहनत का एहतिराम करें।' मजरूह सुल्तानपुरी की इस बात से हमेशा नाइत्तेफाकी रही, कि मौजूदा जमाने के मसायल को शायराना रूप देने के लिए गजल नामौजू है, बल्कि उनका तो इससे उलट यह साफ मानना था, 'कुछ ऐसी मंजिलें हैं, जहां सिर्फ गजल ही शायर का साथ दे सकती है।' कमोबेश यही बात काजी अब्दुल गफ्फार, मजरूह की एक मात्र शायरी की किताब 'गजल' की प्रस्तावना में लिखते हुए कहते हैं, 'मजरूह का शुमार उन तरक्कीपसंद शायरों में होता है, जो कम कहते हैं और (शायद इसलिए) बहुत अच्छा कहते हैं। गजल के मैदान में उसने वह सब कुछ कहा है, जिसके लिए बाज तरक्कीपसंद शायर सिर्फ नज्म का ही पैराया जरूरी और नागुजीर (अनिवार्य) समझते हैं। सही तौर पर उसने गजल के कदीम शीशे में एक नई शराब भर दी है।'

### नगमा निगार मजरूह सुल्तानपुरी का स्मृति दिवस



*"ये गजलें सीधे-सीधे अवाम को संबोधित करते हुए लिखी गई हैं। 'यह जरा दूर पे मंजिल, यह उजाला, यह सुकूं/ख़्वाब को देख अभी ख़्वाब की ताबीर न देख/देख जिंदां से परे, रंगे-चमन, जोशे-बहार/रक्स करना है तो फिर पांव की जंजीर न देख।' अवामी मुशायरों में तरक्कीपसंद शायर जब इस तरह की गजलें और नज्में पढ़ते थे, तो पूरा माहौल मुल्क की मुहब्बत से सराबोर हो जाता था।"*

काजी अब्दुल गफ्फार की यह बात सही भी है। मजरूह की एक नहीं, कई ऐसी गजलें हैं जिसमें विषय से लेकर उनके कहन का अंदाज निराला है। मसलन 'सर पर हवा-ए-जुल्म चले सौ जतन के साथ/अपनी कुलाह कज है उसी बांकपन के साथ।', 'जला के मश्अले-जां हम जुनूं-सिफात चले/जो घर को आग लगाए हमारे साथ चले।' मजरूह, मुशायरों के कामयाब शायर थे। खुशगुलू (अच्छा गायक) होने की वजह से जब वे तरन्नुम में अपनी गजल पढ़ते, तो श्रोता झूम उठते थे। गजल में उनके बगावती तेवर अवाम को आंदोलित कर देते। वे मर मिटने को तैयार हो जाते। मजरूह सुल्तानपुरी के कलाम में हालांकि ज्यादा गजलें नहीं हैं। उनकी किताब 'गजल' में सिर्फ 50 गजलें ही संकलित हैं, लेकिन इन गजलों में से किसी भी गजल को कमजोर नहीं कह सकते।

उन्होंने अदबी कलाम कम लिखा, लेकिन बेहतर और लाजवाब लिखा। मिसाल के तौर पर उनकी एक नहीं, ऐसी कई गजलें हैं जिनमें उन्होंने समाजी और सियासी मौजूआत को कामयाबी के साथ उठाया है। इनमें उनके बगावती तेवर देखते ही बनते हैं। मुल्क की आजादी की तहरीक में ये गजलें, नारों की तरह इस्तेमाल हुईं। 'सितम को सर-निगूं, जालिम को रुसवा हम भी देखेंगे/चले ऐ अज्मे बगावत चल, तमाशा हम भी देखेंगे।' मजरूह सुल्तानपुरी की शुरुआती दौर की गजलों पर आजादी के आंदोलन का साफ असर दिखलाई देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**चिंता की बात: तापमान नियंत्रित करने के सारे प्रयास नाकाम साबित!**

# बढ़ते पारे की तपिश में झुलस रही दुनिया



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

*"जरूरी है कि हम सतर्क रहें, सादा जीवन जिएं और दूसरे लोगों को प्रेरित करें। अधिकाधिक वृक्षारोपण करें, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। यह जान लें कि प्लास्टिक का उत्पादन नहीं घटा तो तापमान और बढ़ेगा। अक्षय ऊर्जा को प्रमुखता देनी होगी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना होगा। सबसे बड़ी बात कि हमें प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करना होगा।"*

धरती का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है वह समूची दुनिया के लिए खतरनाक संकेत है। देखा जाए तो तापमान में बढ़ोतरी नित नए कीर्तिमान बना रही है। बीते नौ सालों ने तो धरती के सर्वाधिक गर्म होने का रिकार्ड कायम किया है। असलियत यह है कि दिन ब दिन, महीने दर महीने, साल दर साल तापमान में बढ़ोतरी के रिकार्ड ध्वस्त होते जा रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस पर अंकुश की कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही। क्योंकि तापमान को नियंत्रित करने के बारे में किए गए सारे प्रयास अभी तक नाकाम साबित हुए हैं। जहां तक भारत का सवाल है, देश का बड़ा हिस्सा आजकल झुलसा देने वाली गर्मी की चपेट में हैं। सच तो यह है कि इस भीषण गर्मी की मार से पहाड़ से लेकर मैदान तक सब जल रहे हैं। गर्मी ने सारा जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है और लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। बर्लिन स्थित मर्केटर रिसर्च इंस्टीट्यूट इन ग्लोबल कामंस एण्ड क्लाइमेट चेंज का अध्ययन तो यही संकेत देता है कि आने वाले दिनों में तापमान में कमी की उम्मीद ही बेमानी है। अध्ययन के अनुसार तो धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के प्रयास बेहद कठिन हैं।

यदि योजनाओं को पूरी तरह भी लागू कर दिया जाए तो भी कार्बन की वार्षिक मात्रा वर्ष 2030 तक 0.5 गीगाटन और वर्ष 2050 तक 1.9 गीगाटन बढ़ेगी। जबकि 2050 तक कम से कम 3.2 गीगाटन कार्बन उत्सर्जन कम होना चाहिए। ऐसे में पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करना नामुमकिन है। इस बारे में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उल्फ बंटगेन का मानना है कि 2023 एक असाधारण गर्म वर्ष था और यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि हम ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी नहीं करते। दरअसल पिछले दस महीनों से लगातार धरती के तापमान में रिकार्ड बढ़ोतरी से वैज्ञानिक चिंतित हैं कि हमारा ग्रह एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक धरती के गर्म होने की रफ़्तार अनुमान से भी कहीं ज्यादा है। क्योंकि धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है जो संयुक्त राष्ट्र के मानक तापमान के अनुमान से भी आधा डिग्री अधिक है।



वैज्ञानिकों की चिंता यह भी है कि यदि साल के अंत में तापमान में गिरावट नहीं हुई तो यह ग्रह किस दिशा में जाएगा,यह कहना बहुत मुश्किल है। यह इसलिए भी क्योंकि पिछले दस महीने से तापमान में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। गौरतलब है कि धरती के तापमान में बढ़ोतरी के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग तो एक कारण है ही, ग्रीन हाउस गैसों, कार्बन डाइऑक्साइड का सतत उत्सर्जन, सल्फर डाइऑक्साइड की बढ़ती हुई मात्रा, वनों के तेजी से होते विनाश, कार्बन फ्लोरो कार्बन गैसों का सतत उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधन का दहन आदि की भी अहम भूमिका है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। बहरहाल वैज्ञानिक इस बारे में एकमत हैं कि धरती के बढ़ते तापमान को रोकने का प्रभावी तरीका ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करना है। फिर डब्ल्यू एम ओ की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2027 तक धरती 1.5 डिग्री सेल्सियस और गर्म होगी।

वैश्विक तापमान की सीमा को छूने का अर्थ है कि विश्व 19वीं शताब्दी के दूसरे हिस्से के मुकाबले अब 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। वैज्ञानिकों के अनुसार कोयला, गैस और तेल जलाने की सभी सीमाएं पार करने से यह होगा। इससे पर्यावरण विज्ञानी जेट हौसफादर की बात से और बल मिलता है कि हमें वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस 2030 से पहले पहुंचने की उम्मीद नहीं है। लेकिन हर साल 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के करीब तेजी से पहुंचना भी बहुत बड़ा संकट है। इसके परिणाम बहुत भयावह होंगे।

अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के विज्ञानियों के अध्ययन के मुताबिक सदी के अंत तक अत्याधिक गर्मी से 1.5 करोड़ लोगों की मौत हो जाएगी। पिछले कुछ वर्षो में हीटवेव ने लगभग दुनिया के हर महाद्वीप को प्रभावित किया है। इससे जंगल में आग लगने से हजारों लोगों की जान चली गई हैं। वहीं योरोप में 60 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई। दुनिया के जलवायु विशेषज्ञों के सर्वे की मानें तो वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने पर बाढ़, विनाशकारी गर्मी और तूफान आएंगे। इस बारे में फ्रांस के आईडीडीआई नीति अनुसंधान संस्थान के डॉ. हेनरी वाइसमैन का कहना है कि जलवायु परिवर्तन में हमें डिग्री का हर दसवां हिस्सा बहुत मायने रखता है। उस स्थिति में जब आप सामाजिक आर्थिक प्रभावों को देखते हैं। तापमान के 1.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर हीटवेव और तूफान की तीव्रता में तेजी आएगी। अगर तापमान तीन डिग्री तक पहुंचा तो दुनिया के कई शहर समुद्र में डूब जाएंगे। फिर हिंद महासागर का गर्म होना सिर्फ सतह तक सीमित नहीं है, बल्कि समुद्र में गर्मी का भंडार भी तेजी से बढ़ रहा है। इससे चक्रवात और भारी वर्षा की घटनाएं बढ़ेंगी। समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म होगा। इससे वायुमंडल गर्म होगा। समुद्री जैव विविधता और मछलियों पर खतरा बढ़ जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि समुद्र के अमलीकरण में तेजी आने से मूंगे की चट्टानें और खोल वाले जीवों सहित समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बड़े पैमाने पर जीवों के आवास और पारिस्थितिकी तंत्र का खात्मा हो जाएगा। मध्य और उत्तरी अमेरिका के कुछ हिस्सों में सूखे की स्थिति में बढ़ोतरी होगी और उत्तरी गोलार्द्ध के उच्च अक्षांश क्षेत्रों में औसत से अधिक बरसात होगी।

पृथ्वी आयोग और नानजिंग यूनीवर्सिटी के सहयोग से यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर इंस्टीट्यूट फार ग्लोबल सिस्टम यूके के शोध से खुलासा हुआ है कि बढ़ रही गर्मी के कारण दुनियाभर में दो अरब तथा भारत में साठ करोड़ लोगों पर खतरा मंडरा रहा है। समूची दुनिया की 22 से 39 फीसदी आबादी गर्मी के दुष्प्रभाव झेलेगी। दुनिया में भारत सहित नाइजीरिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, पाकिस्तान, सूडान और नाइजर के लोग सबसे ज्यादा गर्मी की मार से प्रभावित होंगे। यदि तापमान में 2.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होती है तो अत्याधिक गर्मी के संपर्क में आने से भारत सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वर्तमान में 6 करोड़ लोग पहले ही से खतरनाक गर्मी के संपर्क में हैं। अगर तापमान में 2.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होती है तो यह आंकड़ा काफी बढ़ जाएगा। भारत में बढ़ते तापमान से गर्भवती महिलाओं के लिए समय से पहले प्रसव, उच्च रक्तचाप सहित अनेक गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो रहे हैं। ब्रिटिश अखबार गार्जियन के सर्वे में कहा गया है कि भारत सहित कई देशों की महिला वैज्ञानिकों ने कहा है कि उन्हें बच्चों के भविष्य को लेकर घबराहट होने लगी है। भारत सहित ब्राजील, चिली, जर्मनी और केन्या की महिलाओं के अलावा 17 वैज्ञानिकों ने कहा है कि उन्होंने कम बच्चे पैदा करना चुना है। इन बदलावों का असर हमारी पीढ़ी पर भी पड़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# जलवा-ए-गर्मी



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

सूरज देवता आजकल जमकर तप रहे हैं। गर्मी इतनी है कि शरीर से इतना पसीना निकलता है कि सुबह आठ बजे के बाद शाम सात बजे तक किसी भी समय दस रूपए में मिलने वाली पानी की एक छोटी खाली बोतल भरी जा सकती है। मौसम के भी अपने आनंद और बुराइयां हैं। गर्मी के मौसम का आनंद यह है कि आपको गर्मी के मौसम में ठंड नहीं लगती, बशर्ते कि आपको बुखार न हो। और बुराई यह है कि पसीना सूखने का नाम तक नहीं लेता।

वैसे, गर्मी आदमी को व्यस्त रखने का काम करती है। जैसे -कोई कूलर में पानी भरने में व्यस्त रहता है तो कोई खाली टंकी, बाल्टी या टब भरने में। भयंकर गर्मी के इस मौसम में सबसे ज्यादा व्यस्त बेचारे सब्जी वाले रहते हैं, जो सब्जियों पर बार-बार पानी के छींटें मारकर उन्हें जगाये(तरो-ताजा) रखते हैं। वे सब्जियों पर इतना पानी छिड़कते हैं कि जितना शायद नगर निगम वाले भी किसी शहर को पाल्यूशन मुक्त रखने के लिए सड़कों पर भी नहीं छिड़कते होंगे। पानी छिड़कने के मामले में सब्जियां बेचने वालों की हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी। कुछ पल हुए नहीं कि एकाध बाल्टी सब्जियों पर छिड़क दी।

सब्जी बिके या नहीं बिके, गर्मी के मौसम में सब्जी विक्रेताओं की सब्जियों पर पानी छिड़कने की आदत से उनके शरीर की जिम जैसी एक्सरसाइज जरूर हो जाती है। खैर, गर्मी का मौसम है ही ऐसा। किसी शायर ने गर्मी पर क्या खूब लिखा है -'गर्मी से मुज़्तरिब था ज़माना ज़मीन पर भुन जाता था जो गिरता था दाना ज़मीन पर ...!' मतलब यह है कि धरती इन दिनों जोरदार तप रही है और इतनी तप रही है कि अगर कोई व्यक्ति टायलेट में जाकर वाशबेसिन पर हाथ धोने लगे तो उसके हाथों पर फफोले पड़ सकते हैं। रामलुभाया जी हमारे खासमखास हैं, वे पक्षी प्रेमी हैं, इसलिए गर्मियों में वो अक्सर पक्षियों के लिए परिंडे लगाते हैं और उनमें रेगुलर पानी डालते हैं। बेचारे पक्षी रामलुभाया जी के इस कृत्य से खुश भी हैं और नाखुश भी। खुश इसलिए कि पक्षियों को पीने को पानी नसीब हो रहा है और नाखुश इसलिए कि रामलुभाया जी पानी में बरफ डालना तो भूल ही जाते हैं। खैर, सूरज देवता इन दिनों खूब अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। राजनेताओं के जुमलों का असर सूरज देवता पर भी पड़ गया लगता है। कोई चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं और इधर सूरज देवता -'अबकी बार पचास के पार।' के नारे पर आश्वस्त हैं और सूरज देवता के तेवर बदल गये हैं। सर्दियों में हम सूरज देवता को ढूढ़ते थे, आजकल सूरज देवता हमें ढूढ़ रहे हैं। कुएं, बावड़ियां एक गिलास पानी पिलाने की रिक्वेस्ट कर रहे हैं।

इधर, चांदी और सोना अपनी गर्मी निकाल रहे हैं। सोना 76 हजार पार और चांदी पिचानब्बे हजार पार हो गई बताते हैं। बाजार में अब फुल पेंट, ट्रैक शूट नहीं रंग-बिरंगे निक्कर बिकने लगे हैं, मौजे और दस्तानों वाले दुकानों में ऐसे बैठे हैं जैसे उन्हें सांप सूंघ गया हो। यह छातों का, गोगल्स और ठंडाई का मौसम है। वाटर,सोडा-वाटर पर पैसा फूंका जा रहा है। यह चाय को बाय करने का सीजन है। गर्मी ने घर -दफ्तर से बाहर निकलने पर आचार संहिता लगा रखी है।

गर्मी के मौसम में कुछ लोग धर्मार्थ मटकों के नल लगाकर लोगों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं तो पानी का धंधा करने वाले कुछ लोग इन मटकों की पाइप उखाड़ कर पानी की बोतलें बेच रहे हैं। कुल मिलाकर, बात यह है कि गर्मी का जलवा हर तरफ कायम है।

---

**नॉलेज कॉर्नर: एनपीसीआई दे रहा है UPI123 Pay फीचर फोन बेस्ड UPI पेमेंट सर्विस**

# बिना इंटरनेट-स्मार्टफोन के भी ऑनलाइन पेमेंट!

वर्तमान समय में वैसे तो ऑनलाइन पेमेंट के कई ऐप देश दुनिया में मौजूद हैं, लेकिन ये अधिकांश इंटरनेट और स्मार्टफोन के सपोर्ट से ही कार्य करते हैं, किन्तु अभी भी ऐसे बहुत सारे लोग हैं जिनके पास स्मार्टफोन मौजूद नहीं है। ये लोग फीचर फोन चलाते हैं, जो इंटरनेट की सुविधा से काफी दूर है। ऐसे में मोबाइल यूजर्स के लिए नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी NPCI की ओर से बिना स्मार्टफोन और इंटरनेट के ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा दी गई है, जो एक खास तरह की सुविधा प्रदान करता है। इसकी मदद से आप बिना स्मार्टफोन और इंटरनेट घर बैठे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर पाएंगे। आइए जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से...

### करनी यूएसएसडी सर्विस एक्टिव

ऐसे में अगर आपके पास स्मार्टफोन नहीं है। या फिर फोन में इंटरनेट मौजूद नहीं है, तो आप बिना स्मार्टफोन और इंटरनेट के ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। इसमें UPI123Pay का यूज करके यूपीआई पेमेंट किया जा सकता है। बिना इंटरनेट के यूपीआई पेमेंट करने के लिए आपके फोन में USSD सर्विस एक्टिव होनी चाहिए। साथ ही आपके बैंक अकाउंट में पैसे होने चाहिए। बता दें कि बिना इंटरनेट के यूपीआई पेमेंट की सीमा ₹2000 प्रति लेनदेन और ₹10000 प्रति दिन है।



### यूं करें यूपीआई पेमेंट

- सबसे पहले अपने फोन पर 99# डायल करें।
- इसके बाद आपको 1 ऑप्शन सेलेक्ट करना होगा।
- फिर आपको लेनदेन के टाइप को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आपको जिस यूपीआई आईडी पर पैसे भेजना है, उसकी यूपीआई आईडी, फोन नंबर या बैंक अकाउंट नंबर दर्ज करें।
- फिर जितना पेमेंट भेजना है, उसे दर्ज करें।
- अपना UPI पिन दर्ज करें।
- इसके बाद "Send" पर टैप करें।

### अभी कुछ बैंक दे रहे हैं सर्विस

*हम बता दें कि अभी कुछ बैंक ही USSD कोड से बिना इंटरनेट के यूपीआई पेमेंट करने की सुविधा दे रहे हैं। कुछ दिनों बाद हर बैंक इस तरह की सुविधा देने शुरू कर देंगे। इससे जो अल्पसाक्षर या सामान्य व्यक्ति उनको इस सुविधा का अच्छा लाभ मिलेगा।*

*कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर*

---

X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
एक मास रेपिस्ट को आप बचा क्यों रहे हैं प्रधानमंत्री जी? ऐसी भी क्या मजबूरी है आपकी?



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
देश संविधान के आधार पर चलेगा, देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं चलेगा। ममता बनर्जी ने बिना सर्वे कराए 118 मुस्लिम जातियों को सीधे ओबीसी में शामिल कर सभी मुसलमानों को आरक्षण दे दिया। तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सरकार ने 2010 से 2024 के बीच जितने ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए थे, उन सबको कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है।

## सन टू ह्यूमन फाउंडेशन का नए दृष्टिकोण वाला छह दिवसीय शिविर 28 मई से होगा शुरू

# जयपुरवासियों में उत्सुकता, 18 हजार ने करवाए रजिस्ट्रेशन

बेधड़क | जयपुर

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 28 मई से 2 जून तक 6 दिवसीय नए दृष्टिकोण वाला शिविर शुरू होने जा रहा है। यह जयपुर में 11 वां शिविर आयोजित होगा। इसकी जानकारी देने के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों अंबरीष (संजय माहेश्वरी), परमआनन्द (अजय मित्तल), कमल सोमानी, नरेंद्र वैद, आलोक तिजारिया व राजेश नागपाल ने बताया कि फाउंडेशन गत दस वर्षों में जयपुर वासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए नए दृष्टिकोण वाले दस शिविर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कर चुका है। शिविर के माध्यम से हजारों जयपुरवासी लाभान्वित हुए हैं। इसी क्रम में यह जयपुर में 11 वां शिविर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रणेता परमआलय जी के सान्निध्य में 28 मई से 2 जून तक प्रतिदिन प्रात 6:00 बजे से 8.30 बजे तक सीकर रोड पर स्थित भवानी निकेतन विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। साधकों की मांग को देखते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि 25 मई तक बढ़ाई गई है। शिविर के लिए साधक अपने रजिस्ट्रेशन कर एंट्री कार्ड कलेक्ट कर सकते हैं एवं ऑनलाइन भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।




### स्वस्थ रहने और आनंद बढ़ाने वाले अनूठे प्रयोग

आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी ने बताया कि सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से देश-विदेश में अब तक ऐसे 300 से अधिक निःशुल्क शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविर में लोगों को सही आहार, सही व्यायाम और सही ध्यान के द्वारा सकारात्मक ऊर्जा निर्माण करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की विधि सिखाई जाएगी। प्रतिदिन शिविर में ब्रेन विकसित करने के आसान प्रयोग व सूत्र बताए जाएंगे। जिससे कि साधकगण स्वयं को दवा मुक्त रखते हुए स्वस्थ व आनंदमय जीवन जी सकें।

### सभी साधकों को ऊर्जावान अल्कलाइन नाश्ता निशुल्क

साधना सत्र के बाद प्रतिदिन 20 से 25 आइटम का अदृश्य शक्तियों को जगाने वाला पौष्टिक एवं ऊर्जावान अल्कलाइन नाश्ता भी सभी साधकों को निशुल्क कराया जाता है। जयपुर में यह शिविर सर्वसमाज एवं सर्वधर्म के लिए आयोजित किया जा रहा है जिससे यहां के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें। 5 साल के बच्चे से लेकर 90 साल तक का व्यक्ति शिविर को जॉइन कर सकता है। अब तक लगभग 18,000 शहर वासियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। शिविर में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

### प्रवचन नहीं प्रयोग...

पत्रकार वार्ता में इंदौर से आई सहजोबाई ने बताया कि शिविर के प्रथम तीन दिन शिविर के प्रणेता परमालयजी की प्रमुख शिष्या गार्गी मां साधकों को भौतिक शरीर की शक्तियों को विकसित करने के प्रयोग करवाएंगी। इस शिविर में विभिन्न तरीके के प्रयोग कराए जाएंगे। बाद के तीन दिन सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रणेता परमालय जी मन की शक्तियों को जागृत करने एवं बुद्धि व चेतना को विकसित करने के प्रयोग करवाएंगे। 30 मई से 1 जून तक शाम को भी 6:30 से 8:00 बजे तक संध्याकालीन सत्र होगा जिसमें परमालयजी साधकों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। शिविर के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि शिविर के माध्यम से हजारों साधकों की डायबिटीज, अस्थमा, माइग्रेन, मोटापा, बीपी, आर्थराइटिस, थायराइड समेत अनेक बीमारियां ठीक हुई है और उन बीमारियों को साधकों ने स्वयं की समझ बढ़ा कर ठीक किया है।

## Yuva स्टोरीज

### गणित के इंजीनियरिंग क्षेत्रों में उपयोग पर की चर्चा



बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एवं ग्रामोथान, जयपुर में एप्लीकेशंस ऑफ मैथमेटिक्स इन मॉडलिंग एंड ऑप्टिमाइजेशन टेक्निक विषय पर दो दिवसीय विद्यार्थी कार्यशाला का आयोजन गणित विभाग की ओर से किया जा रहा है । इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में गणित के विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में उपयोग पर जागरूकता बढ़ाना और नए आयामों पर प्रकाश डालना है। कार्यशाला के प्रथम दिन राजस्थान विश्वविद्यालय के गणित विभाग से डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने मैथमेटिकल मॉडलिंग विषय के उपयोगों से अवगत कराया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विजय कुमार सिंघल व डॉ सुमित गुप्ता हैं । डॉ. दीपिका जैन और डॉ शालिनी शेखावत ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

### डॉ. अमित संचार अनुसंधान अनुभाग के वाइस चेयर

बेधड़क | जयपुर । मणिपाल विश्वविधालय के पत्रकारिता एंव जनसंचार विभाग, सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन के असिस्टेंट रजिस्ट्रार एंव सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर



को 2024 से 2028 के लिए इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर मीडिया एंड कम्युनिकेशन रिसर्च (आईएमसीआर) का सहभागी संचार अनुसंधान अनुभाग का वाइस चेयर चुना गया है। इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर मीडिया एंड कम्युनिकेशन रिसर्च (आईएमसीआर) मीडिया और संचार अनुसंधान के क्षेत्र में यूनाइटेड नेशन की एक प्रमुख विश्वव्यापी पेशेवर संगठन है।

### एक्सपर्ट सुनीता तुषार ने दिए स्ट्रेस फ्री रहने के टिप्स

**बेधड़क । जयपुर ।** नियमित दिनचर्या, बेहतर लाइफ स्टाइल और नियमित व्यायाम से स्टूडेंट्स स्ट्रेस फ्री रह सकते है। जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से स्टूडेंट्स के स्ट्रेस, एंजाइटी और टेंशन मैनेजमेंट को लेकर एक्सपर्ट सुनीता तुषार ने ये बात कही। उन्होंने स्टूडेंट्स को लाइफ और स्टडी के बीच तालमेल बिठाकर आगे बढ़ने के टिप्स दिए। उन्होंने इस मौके पर स्टूडेंट्स को विभिन्न आसनों के जरिए स्ट्रेस दूर करने एवम स्वस्थ रहने की भी जानकारी दी। स्टूडेंट्स ने भी विभिन्न क्वेरीज एक्सपर्ट से की, जिनके जवाब उन्होंने मौके पर दिए। फाउंडेशन के फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह के सेमिनार से स्टूडेंट्स को बेहतर करने का मौका मिलता है।

### IIS के 24 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 21 ए स्टार, 33 ए ग्रेड




बेधड़क | जयपुर

कैम्ब्रिज बोर्ड की ओर से गुरुवार को मार्च सीरीज-24 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। हर साल की तरह इस वर्ष भी शिप्रा पथ, मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की स्टूडेंट्स ख्याति माहेश्वरी पांच विषयों में ए स्टार और एक अन्य विषय में ए ग्रेड लाकर सर्वोच्च स्थान पर रहीं। स्कूल के 24 स्टूडेंट्स ने विभिन्न विषयों में सम्मिलित रूप से 21 ए स्टार और 33 ए ग्रेड हासिल किए। ख्याति माहेश्वरी ने इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा शिक्षकों व मेहनत को दिया है। आईआईएस निदेशक डॉ.अशोक गुप्ता ने इस उपलब्धि पर सभी स्टूडेंट्स को आशीर्वचन देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## फिल्म माही के प्रमोशन जयपुर पहुंची अभिनेत्री



# अभिनेत्री जाह्नवी कपूर संग थिरके वीजीयू के स्टूडेंट्स

बेधड़क | जयपुर

वीजीयू (विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी) में शुक्रवार को एक विशेष बॉलीवुड महफिल सजी। जहाँ बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'माही' के प्रमोशन के लिए शिरकत की। यह कार्यक्रम विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें वीजीयू के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जाह्नवी कपूर के शानदार स्वागत से हुई। वीजीयू की स्टूडेंट्स कौंसिल ने गुलदस्ता और शॉल पहनाकर जाह्नवी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जाह्नवी कपूर ने स्टूडेंट्स के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने अपने फिल्मी करियर, आगामी प्रोजेक्ट्स और 'माही' फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारियां साझा कीं।





### स्टूडेंट्स के साथ गेम्स भी खेले

इस मौके पर जाह्नवी कपूर ने वीजीयू के छात्रों के साथ डांस भी किया। छात्रों के साथ जाह्नवी ने हिट बॉलीवुड गानों पर जमकर ठुमके लगाए, जिससे माहौल में और भी रंगत आ गई। जाह्नवी ने कुछ मज़ेदार गेम्स भी खेले, जिसमें छात्रों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने पसंदीदा सितारों के साथ बिताए इन पलों को खास बनाया।

### दिखाई गई प्री लॉन्चिंग... बढ़ी फिल्म के प्रति उत्सुकता

शाम को VGU के छात्रों को जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म 'माही' की विशेष स्क्रीनिंग का भी आनंद लेने का मौका मिला। इस स्क्रीनिंग के दौरान छात्रों ने फिल्म प्री लांच देखी, जिससे उनकी उत्सुकता और भी बढ़ गई। इस पूरे आयोजन ने वीजीयू के छात्रों के बीच जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल पैदा कर दिया। जाह्नवी कपूर के साथ बिताए गए । इसे छात्र लंबे समय तक याद रखेंगे।

### 2 हजार से ज्यादा छात्रों ने बिताए यादगार पल

इस मौके पर जाह्नवी ने कहा कि वीजीयू जैसी चुनिंदा विश्वविद्यालय ही ऐसी छात्र-केंद्रित गतिविधियों पर ध्यान दे रही हैं, जो नई शिक्षा नीति में एक उदाहरण की तरह साबित हो रही हैं। उन्होंने वीजीयू के छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के दौरान विवेकानंद सभागार में लगभग 2000 से अधिक छात्र मौजूद रहे, जिन्होंने अपने चहेते सितारों को करीब से देखने और उनसे मिलने का मौका पाया। जाह्वी की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## मुक्तमंच की 83वीं मासिक संगोष्ठी

# चुनावी घोषणाएं और उनकी हकीकत पर प्रबुद्धजन की संगोष्ठी



बेधड़क | जयपुर

मुक्तमंच, जयपुर की 83वीं मासिक संगोष्ठी 'चुनावी घोषणाएँ और उनकी हक़ीक़त' विषय पर परम विदुषी योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य एवं भाषाविद् डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जोधपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. प्रवीणचन्द्र त्रिवेदी मुख्य अतिथि थे। 'शब्द संसार' के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया।

अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' ने कहा कि लोकतन्त्र में प्रत्येक पार्टी अपने-अपने ढंग से जनता को लुभाने और भरमाने की कोशिश करती है। जब तक जनता स्वयं जाग्रत नहीं होगी, स्वार्थ केन्द्रित माफ़िया, चुने जाते रहेंगे। ऐसे में बुद्धिजीवी, मीडियाकर्मी, धर्माचार्य, समाजसेवी एवं लोकतान्त्रिक संस्थाओं को लीड लेनी चाहिए अन्यथा स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव एक दिवास्वप्न ही बना रहेगा। मुख्य अतिथि शिक्षाविद पूर्व वीसी प्रो. प्रवीणचन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि हमें उच्च शिक्षा, सर्वेक्षण, अन्वेषण और अनुसन्धान पर 70,000 करोड़ रुपए होना था पर हम जी.डी.पी. का मात्र दो प्रतिशत ही व्यय करते हैं। फलतः वैज्ञानिक अनुसन्धान, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हम दूसरे देशों के पिछलग्गू बने हुए हैं। हमें तकनीकी विकास के लिए प्राथमिकता से काम करना होगा। आईएएस रिटा.अरुण ओझा ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक विकास की गति टिकाऊ होनी चाहिए। इस हेतु जनता का जागरण जरूरी है।

शिक्षा प्राथमिकताओं में सबसे नीचे है, मात्र दो प्रतिशत ही जी.डी.पी. का शिक्षा पर खर्च होता है जबकि 6% होना चाहिए। 'राही' सहयोगी संस्थान के निदेशक प्रबोध गोविल ने कहा कि आज बीसियों चैनल हैं और हर चैनल पर चुनावी घोषणाओं पर विमर्श होता रहता है। जब तक मतदाता जागरूक नहीं होगा तब तक लोकतन्त्र सार्थक एवं मज़बूत नहीं होगा।

### महात्मा बुद्ध पूर्णिमा पर हुई व्याख्यानमाला

**जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान, जयपुर के तत्वावधान में गुरुवार को संस्था प्रांगण में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर



व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा बुद्ध के जीवन-दर्शन पर सोसाइटी के अध्यक्ष जसवन्त सम्पतराम IPS (Rtd), महासचिव जी.एल. वर्मा, एडवोकेट गुरुप्रसाद लेखरा, बी.एल. भाटी व छात्र यशवंत सोयल आदि द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के पदाधिकारी प्रशांत मेहरड़ा, महेश धावनिया, किशन लाल इनखिया, शिव शंकर छत्रपति, पूरणमल मेहरड़ा, बनवारी लाल मेहरड़ा, विश्राम बलाई आदि लोगों ने बुद्ध की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**बैठक** | **राजस्थान विश्वविद्यालय सीनेट की विशेष बैठक**

# 1.66 लाख परीक्षार्थियों को मिलेंगे डिग्री में ग्रेस मार्क्स

### राज. विवि. का 33 वां दीक्षांत समारोह 10 जून को

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय सीनेट की विशेष बैठक गुरुवार को कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित की गई। इस विशेष बैठक में नवंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए कुल 1 लाख 68 हजार 130, परीक्षार्थियों की उपाधियों (विधियों) का अनुग्रह (ग्रेस) पारित किया गया।



सीनेट की आज आयोजित इस विशेष बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में 467 विधार्थियों की पीएचडी उपाधियों का अनुग्रह भी प्रदान किया गया। इस अवधि के दौरान सर्वाधिक 105 पीएचडी डिग्रियों का अनुग्रह सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत प्रदान किया गया। बैठक में स्नातक पाठ्यक्रमों की 21 लाख 24 हजार 9 एवं स्नातकोत्तर वार्षिक पाठ्यक्रमों की 31 हजार 33 व पीजी (पौमेस्टर) परीक्षाओं की 02 हजार 957 उपाधियों के साथ ही प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों से जुड़े 26 हजार 174 परीक्षार्थियों की उपाधियों का अनुग्रह भी इस बैठक में पारित किया गया।

सीनेट की इस विशेष बैठक में कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने यह जानकारी भी दी कि 10 जून को विश्वविद्यालय का 33 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है।

### 126 विद्यार्थियों को मिलेंगे गोल्ड मेडल

इस विशेष बैठक में राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 20(ब) के अन्तर्गत सिंडिकेट द्वारा पारित राजस्थान विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह हेतु ड्रेस कोड संबंधित परिनियम 103 पर विचार कर पारित किया गया, साथ ही राजस्थान विश्वविद्यालय सिंडिकेट द्वारा वर्ष 2012 से मई 2024 तक पारित अध्यादेशों में जो परिवर्तन संशोधन कर जो अधिसूचनाएँ जाती की गई उन पर भी विचार कर पारित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे 39वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई। विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 126 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल वितरित किये जायेंगे।

## जरूरी खबर

### दोस्त ने ही कराई थी बांग्लादेशी सांसद की हत्या

**कोलकाता।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। बंगाल सीआईडी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सांसद अनार के दोस्त ने ही हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपए की सुपारी दी थी। बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जामां खान ने बुधवार को कहा था कि अनार 13 मई से लापता हैं। वे कोलकाता में थे। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या है। सांसद के एक पुराने मित्र ने ही उन्हें मारने के लिए सुपारी दी थी। उनका दोस्त एक अमेरिकी नागरिक है, जिसका कोलकाता में एक फ्लैट है। एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि अभी तक विदेशी सांसद का शव बरामद नहीं हो पाया है। बांग्लादेशी सांसद इलाज के लिए कोलकाता आए थे।

### मैं पॉलिग्राफ टेस्ट के लिए तैयार: स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा है कि 13 मई को सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर उसके साथ हुई बदसलूकी और मारपीट के बारे में सच्चाई सामने लाने के लिए वह पॉलिग्राफ टेस्ट करवाने को भी तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने राज्यसभा सीट से इस्तीफा देने से इनकार किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मालीवाल ने बताया कि उस दिन मैं अरविंद केजरीवाल से मिलने मुख्यमंत्री के आवास पर गई हुई थी। स्टाफ ने मुझे ड्राइंग रूम में इंतजार करने के लिए कहा था। मुझे बताया गया कि सीएम केजरीवाल घर पर हैं और वह आ रहे हैं। इसी बीच सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। उन्होंने मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे।

### कोस्ट गार्ड के जहाजों व जेट्टी की फोटो पाक भेजी

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने भारतीय तटरक्षक बल से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित एजेंटो के साथ साझा करने के आरोप में 21 साल के एक मछुआरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी जतिन चरणिया पोरबंदर का रहने वाला है। वह पैसों के बदले तट रक्षक जहाजों और जेट्टी के फोटोज और उनसे जुड़ी सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंटो से साझा कर रहा था। एटीए के डिप्टी एसपी एसएल चौधरी ने बताया कि, वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान स्थित एक एजेंट के सम्पर्क में था। इसके बाद उस पर नजर रखी गई। फिर सबूत मिलने पर गिरफ्तार कर लिया।

## एनडीए: 205 कैडेट को मिली डिग्री



**पुणे।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह गुरुवार को खडकवासला, पुणे के हबीबुल्लाह हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से कुल 205 कैडेटों को स्नातक की डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा मित्र देशों के 17 कैडेटों को भी डिग्री प्रदान की गई।

### प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द किया जाए: सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया। इसके साथ उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने और उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की भी मांग की। सूत्र के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार की चिट्ठी का जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

अपने पत्र में सीएम सिद्धारमैया ने कहा, शर्मनाक है कि प्रज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को अपने राजनयिक पासपोर्ट के जरिए जर्मनी चलेगए। वो भी अपने घिनौनी कृत्यों की खबरें सामने आने के बाद। इसके कुछ ही घंटों बाद उन पर एफआईआर भी हुई थी।

## पीएम मोदी की पटियाला में रैली, कांग्रेस पर बरसे

# 1971 में मोदी होता तो भारत में होता करतारपुर साहिब

एजेंसी | पटियाला

लोकसभा चुनाव को लेकर पंजाब में तेज होते सियासी घमासान के बीच प्रधाननमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए देश का बंटवारा किया और बंटवारा भी ऐसा किया कि 70 साल तक हमें दूरबीन से करतारपुर साहिब के दर्शन करने पड़े। मोदी ने कहा कि जब बांग्लादेश की लड़ाई हुई, 90 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक सरेंडर कर चुके थे, 90 हजार से ज्यादा सैनिक हमारे कब्जे में थे। मैं विश्वास से कहता हूं, अगर उस समय मोदी होता तो उनसे करतारपुर साहिब लेकर रहता, तब उन जवानों को छोड़ता। वो तो नहीं कर पाए, लेकिन मुझसे जितनी सेवा हो सकी मैंने की। आज करतारपुर साहिब आपके सामने है।

पीएम मोदी पटियाला के पोलो ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी परनीत कौर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।



लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में अपनी पहली रैली में मोदी ने कई भावनात्मक मुद्दों को छुआ।

पीएम मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी, घोर परिवारवादी है। सत्ता के लिए ये किसी को भी धोखा दे सकते हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने का साहस है। दूसरी तरफ ये इंडी गठबंधन वाले हैं, जो आतंकवादियों के एनकाउंटर पर आंसू बहाते हैं।

### भगवंत मान हैं कागजी सीएम

पीएम ने कहा कि कट्टर भ्रष्टाचारियों ने पंजाब का हाल खराब कर दिया। यहां खनन माफिया का राज है। कागजी सीएम को दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने से ही फुर्सत नहीं है। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जो अपने गुरु अन्ना हजारे के साथ धोखा कर सकते हैं, जो दिन में 10 बार झूठ बोलते हैं। पंजाब जानता है कि उसे अपना वोट बेकार नहीं करना है।

### सीएए पर इंडिया गठबंधन को घेरा

पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों के लिए अपने वोट बैंक का तुष्टीकरण ही सबसे बड़ा लक्ष्य है। बंटवारे से पीड़ित दलित, सिख भाई-बहनों को मोदी सीएए कानून के तहत भारतीय नागरिकता दे रहा है। इंडी गठबंधन वाले सीएए का विरोध करते हैं। ये कहते हैं कि उनकी सरकार आएगी तो वे सीएए को रद्द कर देंगे। उन्होंने लोगों से सवाल पूछा कि क्या बंटवारे के पीड़ित सिखों को भारतीय नागरिकता देना गलत है? उन्होंने कहा, "भाजपा किसान कल्याण को प्राथमिकता देती है।

### लंगर को टैक्स से मुक्त किया

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने लंगर को टैक्स से मुक्त किया। पहले श्री हरमंदिर साहब में विदेशों से भक्त चंदा नहीं मारे सिख परिवार संकट में थे। हम सभी को सुरक्षित वापस लाए। हम गुरु ग्रंथ साहब के स्वरूपों को भी अदब के साथ लाए।

### हरियाणा में डटे रहे दिग्गज

हरियाणा में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को सियासी पारा चढ़ रहा। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक कर रखी। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम दिन दक्षिण हरियाणा के मतदाताओं को लामबंद किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पंजाब के छोर पर बसे सिरसा में कुमारी सैलजा के समर्थन में रोड शो किया पानीपत में भी रैली को संबोधित किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी गुरुवार को हरियाणा में रहे।

## राहुल ने मोदी पर साधा निशाना, कहा...

# हमारी सरकार बनी तो अडाणी समूह के घोटालों की होगी जेपीसी से जांच



एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने के एक महीने के भीतर अडाणी समूह से जुड़े घोटालों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराई जाएगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की सरकार के तहत बड़ा कोयला घोटाला सामने आया है और इस घोटाले के माध्यम से पीएम के 'प्रिय मित्र' ने कम गुणवत्ता वाले कोयले को तीन गुना दाम पर बेचकर हजारों करोड़ रुपए लूटे हैं, जिसकी कीमत आम जनता ने बिजली का महंगा बिल भरकर चुकाई है।

राहुल पंचकूला में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने अपने संबोधन में पीएम मोदी, अडाणी और अंबानी को निशाने पर रखा। उन्होंने ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स में प्रकाशित एक खबर का हवाला देते हुए कहा कि अडाणी समूह ने सार्वजनिक क्षेत्र के 'तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन' (टीएएनजीईडीसीओ) को कम गुणवत्ता वाला कोयला कहीं अधिक कीमत पर स्वच्छ ईंधन के रूप में बेचा। अडाणी समूह की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया अभी नहीं आई है। हालांकि पूर्व में समूह ने ऐसे आरोपों का खंडन किया था। राहुल गांधी ने इस खबर को लेकर पोस्ट किया है।

### 90% आबादी दलित-ओबीसी, इज्जत नहीं... पावर चाहिए

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम कहते हैं कि उन्होंने दलित, ओबीसी और आदिवासी को इज्जत दी है, लेकिन हम ये कहते हैं कि इन्हें इज्जत नहीं, बल्कि पावर चाहिए। जिस दिन इनको सत्ता में भागीदारी मिली, उसी दिन से इनको इज्जत मिलनी शुरू हो जाएगी। इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर इस आबादी को सत्ता में भागीदारी दी जाएगी।

### संविधान से छेड़छाड़ तो जनता करेगी इंसाफ

राहुल ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि संविधान को अगर गहराई से देखें तो यह ट्रांसफर ऑफ पावर दस्तावेज है। जिन नियमों का सैकड़ों साल पुराने गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध, भीम राव अंबेडकर ने पालन किया है, उनके बेसिक और हर वर्ग को ध्यान में रखकर संविधान तैयार किया गया है। इसमें छेड़छाड़ करने वालों के साथ देश की 90 फीसदी जनता इंसाफ करेगी।

## UP: मुस्लिमों को आरक्षण की होगी समीक्षा

एजेंसी | लखनऊ

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 27 प्रतिशत आरक्षण में मुसलमानों को मिल रहे लाभ की उत्तर प्रदेश सरकार अब समीक्षा करेगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण में मुसलमानों को लाभ देने का प्रावधान राज्य के अल्पसंख्यक आयोग की संस्तुति पर हुआ था या प्रदेश की किसी सरकार ने इस बारे कोई फैसला किया था? इसकी छानबीन की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने इस संबंध में कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा दिए गए उस आदेश का अध्ययन शुरू कर दिया है, जिसमें धर्म के आधार पर मुस्लिमों की जातियों को ओबीसी आरक्षण दिए जाने को असंवैधानिक करार दिया गया है। इधर, कलकत्ता हाईकोर्ट के ताजा फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस मुद्दे पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का मत ही अंतिम है। हमें उनकी भावनाओं का पालन करना चाहिए।

## देख रखी है पाक की ताकत: मोदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजकल सलाह दी जाती है कि पाकिस्तान से जरा डर कर रहें, क्योंकि उसके पास एटम बम है। लेकिन मैं खुद लाहौर जाकर उस ताकत को देकर आया हूं. बिना किसी सिक्योरिटी चेक के मैं सीधा वहां चला गया था। पाकिस्तानी मीडिया में ये चर्चा थी कि ये बिना वीजा कैसे आ गए." पीएम मोदी ने कहा, मैं जानता हूं कि पाकिस्तान के लोग परेशान हैं. उनकी परेशानी का कारण भी मैं हूं ये भी मुझे पता है, लेकिन दुख इस बात का है कि जब मेरे ही देश के एक जिम्मेवार पार्टी का व्यक्ति ये कहे कि कसाब ने हमारे देशवासियों को नहीं मारा था।

## उत्तर प्रदेश की चुनाव डायरी

# पूर्वांचल में भाजपा व सपा-कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर, 27 सीटों पर है नजर

एजेंसी | लखनऊ

लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों के मतदान में उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल भी भूमिका बहुत अहम मानी जा रही है। इन दोनों चरणों में राज्य की 27 सीटों पर मतदान होना है और इसके लिए सियासी घमासान चरम पर है। वहीं, सपा ने 22 सीट पर उम्मीदवार उतार रखे हैं तो चार सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेता इस अंचल में धुआंधार चुनाव प्रचार कर चुके हैं, वहीं कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने भी पूरी ताकत झोंक रखी है। इन 27 सीटों में 14 सीटों पर चुनाव प्रचार थम चुका है और वहां पर 25 जून को मतदान होना है। शेष पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। खुद नरेन्द्र मोदी की वाराणसी सीट भी पूर्वांचल का हिस्सा है। भाजपा 24 और दो सीट पर अपना दल (एस) और एक सीट पर राजभर की पार्टी के प्रत्याशी मैदान में है। ।

मुख्य रूप से पूर्वांचल के हिस्से के रूप में 20 सीटें मानी जाती हैं। लेकिन शेष सीटें भी इसी अंचल से जुड़ी हैं। वर्तमान में इन 20 सीटों में 16 पर भाजपा नीत गठबंधन और चार सीटों पर बसपा का कब्जा है। हालांकि बसपा के तीन सांसद उसका साथ छोड़ चुके हैं। आजमगढ़ सीट सपा जीती तो जरूर, लेकिन उपचुनाव में हार गई थी। इनमें से चार ऐसी सीटें हैं जहां पर भाजपा और उनके प्रत्याशी हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं।



### यहां लगा था भाजपा को झटका

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा को अंबेडकरनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, जौनपुर, गाजीपुर, लालगंज तथा घोसी में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार चंदौली, भदोही, बस्ती, देवरिया, प्रतापगढ़, मछलीशहर और कौशांबी में भाजपा को विपक्षी गठबंधन इंडिया से कांटे की लड़ाई है।

### इन सीटों पर होना है चुनाव

**25 मई :** सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज (एससी), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही सीट पर मतदान होगा।

**1 जून :** महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्टसगंज सीट पर चुनाव होंगे।

### पिछड़ी जातियों का दबदबा, ठाकुर वोटों के लिए घमासान

पूर्वांचल की अधिकतर सीटों पर जातीय समीकरण के हिसाब से पिछड़ों का दबदबा है।करीब 50 फीसदी मतदाता पिछड़े वर्गों से हैं। जिसमें यादव, कुर्मी, राजभर जैसी जातियां शामिल हैं। सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी जैसे छोटे दलों का भी जातीय आधार पूर्वांचल में ही है। लेकिन इस बार अंचल में ठाकुर वोटों को लेकर भी सियासी घमासान मचा हुआ है। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल की इन 20 सीटों में भाजपा 14 और अपना दल ने दो सीटें जीती थीं। बसपा को चार सीटों लालगंज, गाजीपुर, घोसी और जौनपुर में जीत मिली थी। जौनपुर को छोड़ बसपा के अन्य सांसदों ने उसका साथ छोड़ दिया है। भाजपा, सपा और बसपा ने जातीय समीकरण के अनुसार ही उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है।

### सपा को राजा भैया का साथ

वहीं समाजवादी पार्टी को राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल का समर्थन मिलने से जहां भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव गदगद हैं। गुरुवार को अखिलेश यादव प्रतापगढ़ में सपा प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल के लिए सभा करने पहुंचे तो सपा के मंच से ही जनसत्ता दल जिंदाबाद के नारे भी लगे। अखिलेश ने कहा कि जो लोग थोड़ा बहुत नाराज रहते थे वह भी साथ आ गए हैं।

### धनंजय सिंह भाजपा के पक्ष में

जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने चुनाव प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील जारी की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आईए लोकतंत्र के इस पर्व में भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह और बीपी सरोज को चुनते हुए मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाते हैं और देश को विकसित बनाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### जाह्नवी कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंची जयपुर

# ‘मिसेज माही’ ने जयपुराइट्स के बीच उड़ेला ‘भावनाओं का मीठा समंदर’

बेधड़क | जयपुर

‘फिल्म में मैंने विस्फोटक बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव के प्रसिद्ध ‘स्कूप शॉट’ को आजमाने की कोशिश की है। फिल्म की परिभाषा सिर्फ एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनाओं का मीठा समंदर है।’ यह कहना था बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का, जो जयपुर में अपनी अपकमिंग मूवी मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन के लिए आई थी। प्रमोशन के लिए जाह्नवी जयपुराइट्स के बीच भी पहुंची और युवाओं के साथ फोटो क्लिक कराई। उन्होंने एयरपोर्ट से लेकर होटल और कैंपस तक सभी का अभिवादन स्वीकार किया और लोगों को चीयर करती दिखाई दीं।




### कपल को क्रिकेट देखना और खेलना पसंद

मूवी के हाल ही में जारी किए गए ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म एक ऐसे कपल के जीवन पर आधारित है, जिन्हें क्रिकेट देखना और खेलना बहुत पसंद है, लेकिन परिवार की जिम्मेदारियों के आगे उन्हें अपनी इच्छाओं को दबाना पड़ता है। फिर भी आगे चलकर दोनों अपने मन की सुनते हैं। मिस्टर माही मिसेज माही को मैदान में उतारकर दोनों के ख्वाबों को एक नए पंख देते हैं।

### राजकुमार राव के संग बनी है जोड़ी

गौरतलब है कि जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, वे हर कहीं प्रमोशन करने पहुंच रही हैं और मूवी के बारे में बता रही हैं। फिल्म शरण शर्मा निर्देशित और जी स्टूडियो व धर्मा प्रोडक्शंस निर्मित है। फिल्म में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव के अलावा हिमांशु जयकार, कुमुद मिश्रा और राजेश शर्मा जैसे कलाकार दिखेंगे।

### फिल्म महेंद्र और महिमा के इर्द-गिर्द

जाह्नवी ने बताया कि फिल्म महेंद्र और महिमा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी शादी तय होती है। फिल्म की कहानी लव स्टोरी के साथ जिम्मेदारी और दबाव में अपने मरे हुए ख्वाब को फिर से जिंदा करने और उसे जीने की कहानी को दर्शाती है।



फोटो: पंकज शर्मा

## जूनियर समर कैंप में 25 को ओपन माइक

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से समर कैंप में प्रशिक्षण के साथ बच्चों को परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। इसके लिए कैंप के दौरान केन्द्र नौनिहाल के अंतर्गत वीकली प्रोग्राम ‘हारमोनी’ शुरू होगा। 25 मई को कृष्णायन में ओपन माइक सेशन होगा। कैंप की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि बच्चे जो सीख रहे हैं उसे मंच पर प्रस्तुत करने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। गौरतलब है केन्द्र में 16 मई से शुरू हुआ कैंप 20 मई तक जारी रहेगा।

## विदुषियों ने कराई भक्तामर दीप अर्चना



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योति नगर में श्रीदिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तहत संचालित संत श्रीसुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में विदुषियों की ओर से भक्तामर दीप अर्चना कराई गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार भगवान नेमिनाथ के समक्ष विदुषियों ने मंगल दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद मधुर व शुद्ध उच्चारण के साथ श्लोक व मंत्र बोलते हुए एक-एक दीपक मंडल पर समर्पित किया। गुरुवार को सुबह शिविर में प्रार्थना के बाद दीप प्रज्वलन ज्योति नगर निवासी सोहनी देवी, महेश चंद, प्रियंका सौगानी परिवार की ओर से किया गया। युवाओं को कैमप में प्रगति की सीख दी जा रही है तो युवा भी इंटरेक्ट करते हुए अपने ज्ञान को बढ़ा रहे हैं।

## रवींद्र मंच पर ‘आधी रात के बाद’ नाटक का मंचन 29 को

**बेधड़क. जयपुर।** इंडियन पीपुल्स थिएटर (इप्टा) जयपुर की ओर से 81वें स्थापना दिवस पर रवींद्र मंच पर ‘आधी रात के बाद’ नाटक का मंचन किया जाएगा। अध्यक्ष व इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी संजय विद्रोही ने बताया कि देश के सभी राज्यों में इप्टा की तीन हजार से अधिक यूनिट्स हैं। हर वर्ष प्रत्येक यूनिटें 25 मई को स्थापना दिवस को जन संस्कृतिक दिवस के रूप हर राज्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर इप्टा ने वार्षिक कलेंडर तैयार किया है, जिसकी पहली प्रस्तुति शंकर शेष द्वारा लिखित नाट्य रचना आधी रात के बाद से होगी।

## City इवेंट्स

### JIG सदस्यों ने निभाए टैगोर के किरदार



**बेधड़क. जयपुर।** जेआईजी सदस्यों की क्रिएटिव मीटिंग में रविंद्रनाथ टैगोर की 110 साल पुरानी कहानी ‘स्त्री का पत्र’ पर बात हुई। सदस्यों ने अलग-अलग किरदारों में अपना वीडियो बनाया और सबका वीडियो एडिट कर 25 मिनट की फिल्म बनाई गई, जिसे दिखाया भी गया। इस मौके पर जेआईजी सदस्य अलका बत्रा, अपर्णा सहाय, अशोक राही, अभिषेक मिश्रा, दीपा माथुर, निर्मला सेवानी, सरिता सिंह, शशि माथुर, सुधीर कासलीवाल, टीना साहनी, विनोद भारद्वाज, रानू श्रीवास्तव, राजुला लूना आदि मौजूद रहे।

### ‘आओ झूमे गाएं’ शिविर 26 से

बेधड़क, जयपुर। दर्शक संस्था रविवार से ‘आओ झूमें गाएं’ संगीत व नृत्य शिविर आयोजित करेगी। संयोजक प्रोमिला राजीव ने बताया कि 36वां सालाना शिविर राजीव भट्ट के निर्देशन में 24 जून तक चलेगा। शिविर में शास्त्रीय गायन, सुगम गायन, लोक गीत, की-बोर्ड, गिटार, वॉयलिन, हारमोनियम, बांसुरी, तबला, ढोलक आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** एकता नगर, हीरापुरा, अजमेर रोड स्थित डीएन पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल ने 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था निदेशक बीपी गुर्जर, संतोष देवी गुर्जर और प्रधानाचार्य पिंकी शर्मा ने विद्यार्थियों को साफा बंधवाया एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में विद्यालय निदेशक बीपी गुर्जर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम में आरती मेघवंशी, आरती डबरिया, जानवी सिंह, सोनाक्षी चंदोलिया, खुशी सेन, ईशा प्रजापत और अनीशा कुमावत शामिल हैं।

### मिस राजस्थान के प्री-फिनाले में मेडिटेशन की क्लास

## किसी भी परिस्थिति में गर्ल्स को शांत रहने की जरूरत



बेधड़क | जयपुर

मॉडल्स ने पहले मेडिटेशन क्लास ली और फिर टैलेंट दर्शाया। साथ ही उनको फूड टेबल एटिकेट्स बताए गए और ग्रूम किया। मौका था ब्यूटी पीजेंट मिस राजस्थान के प्री-फिनाले का, जिसमें वर्कशॉप व सबटाइटल्स से सुबह की शुरुआत में मंत्रज्ञ निर्मला सेवानी की मेडिटेशन क्लास से हुई। सेवानी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में गर्ल्स को शांत रहने की आवश्यकता है। अपने आप को मेडिट करने से बड़ी से बड़ी ऊंचाई हासिल की जा सकती है।

दूसरी ओर वी सरोवर पोर्टिको जीएम यतेंद्र नेगी ने मिस राजस्थान के मेंटर के रूप में क्लास ली और गर्ल्स को फूड एटिकेट्स के बारे में बताया। प्री-फिनाले में टैलेंट राउंड में गगन मिश्रा, सुरेश पुरोहित, यतेंद्र नेगी जूरी पेनल में मौजूद रहे। साथ ही 28 सबटाइटल में अलग-अलग कॉन्टेस्ट हुए।

जूरी ने भी टॉप 28 मॉडल्स को कई लेसन सिखाए और कैंडिडेट्स ने उनसे सवाल-जवाब करते हुए स्वयं की पर्सनेलिटी डवलप की। 3 घंटे चले प्रोग्राम में कई रोचक जानकारी मॉडल्स ने साझा की, जिसमें उन्होंने जूरी के सामने अपनी जर्नी भी बताई।

### परिंडों और चुग्गा दाना घर वितरण

## सेवा कार्यों के तहत जैन समाज ने लिया पक्षी रक्षा का संकल्प




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के टोंक रोड जोन के तत्वावधान में सामाजिक सेवा कार्यो के तहत जीव दया अभियान में परिंडों और चुग्गा दाना घर का वितरण किया गया।

इस मौके पर समाज बन्धुओं द्वारा परिंडों व चुग्गा दाना घर की नियमित देखभाल व पक्षी सेवा का संकल्प लिया। जोन अध्यक्ष अमित शाह व महामंत्री रमेश पाटनी के मुताबिक कीर्ति नगर स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कीर्तिनगर के पार्कों तथा घरों और आसपास के पेड़ों के लिए 101 परिंडा व चुग्गा दाना घर वितरित किए गए। इस मौके पर उपस्थित जैन बन्धुओं ने पक्षी रक्षा का संकल्प लेते हुए परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने तथा पक्षियों के लिए चुग्गा दाना घर में दाना भरने की शपथ ली। आयोजकों ने बताया कि भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव वर्ष में युवा महासभा द्वारा शहर में 2550 परिंडा वितरण का संकल्प लिया गया है।

इसी के अन्तर्गत 5 सम्भागों व 15 जोनों से लगातार परिंडा व चुग्गा दाना घर वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### बुद्ध पूर्णिमा | जयपुर जिले में 11 हजार घरों में गायत्री महायज्ञ करवाया

# 2 लाख 64 हजार मंत्रों से विश्व कल्याण की कामना

बेधड़क | जयपुर

वैश्विक सुख-शांति और प्रगति के लिए, विश्व में एकता, समता, ममता का वातावरण निर्मित करने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार ने बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर देश-विदेश में लाखों घरों में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ किया गया।



जयपुर जिले में 11 हजार घरों में गायत्री महायज्ञ करवाया गया, वहीं पूरे प्रदेश में एक लाख और देशभर में 24 लाख स्थानों पर यज्ञ कार्यक्रम हुए। लोगों ने यूट्यूब और जूम ऐप के माध्यम से भी यज्ञ किया। सुबह साढे सात से साढ़े आठ बजे तक गायत्री परिवार के सदस्य अलग-अलग घरों में गए और गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के बाद तरु प्रसाद के रूप में पौधे दिए। लोगों को रक्तदान-अंगदान का संकल्प कराया गया। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तकें निशुल्क भेंट की की गई। यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़, किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र, प्रताप नगर, वैशाली नगर, सांगानेर, मुरलीपुरा, गांधीनगर के गायत्री चेतना केंद्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की।

### 2 लाख 64 हजार मंत्रों के साथ आहुति

चेतना केंद्र दुर्गापुरा से जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील शर्मा ने यज्ञ का संचालन किया। मोबाइल पंडित एप भी बनाया गया। ऑनलाइन यज्ञ करीब 700 स्थानों पर यज्ञ हुआ जिसमें करीब 4000 परिजनों ने भाग लिया। वहीं सात हजार परिजनों ने ऑफ लाइन मोड पर घर में यज्ञ किया। 11 हजार परिजनों ने 2 लाख 64 हजार मंत्रों से विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित की।

### आत्मीयता विस्तार की सर्वाधिक जरूरत

शांतिकुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार राजस्थान के नव नियुक्त प्रभारी गौरी शंकर सैनी ने कहा कि आज सर्वाधिक आवश्यकता आत्मीयता विस्तार की है। उत्तराखंड जोन प्रभारी जयसिंह यादव, राजस्थान महिला प्रभारी शालिनी वैष्णव, राजस्थान जोन समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल, साधना आंदोलन से जुड़ी रेखा पटवा, ब्रह्मपुरी शक्तिपीठ से सोहनलाल शर्मा, कालवाड़ शक्तिपीठ से धर्म सिंह राजावत आदि ने भी विचार व्यक्त किए।



प्रेम परमात्मा की ओर पहला कदम है, समर्पण आखिरी है और दो कदम ही पूरी यात्रा है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### अंतिम विदाई देने के लिए मशहद शहर में जुटे 30 लाख लोग

# ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को किया सुपुर्द-ए-खाक

**एजेंसी** | तेहरान

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को गुरुवार को अंतिम विदाई दी गई। ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद में उनको दफनाया गया। इसी शहर में रईसी का जन्म हुआ था। रईसी को आखिरी विदाई देने के लिए दुनिया भर से करीब 68 देशों के नेता-डिप्लोमैट्स भी मौजूद रहे। इनमें भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल हैं। उनके अलावा कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी, इराकी पीएम मोहम्मद शिया अल सुडानी और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के अलावा कई देशों के राष्ट्रपति पहुंचे। रईसी के शव को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने से पहले उनकी अंतिम यात्रा में तीस लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। उनके हाथ में ईरान का झंडा और रईसी की तस्वीरें मौजूद थी। मशहद शहर में कई जगहों पर ईरान का झंडा लगाया गया है। लाखों की संख्या में लोग काले कपड़े पहनकर रईसी को अंतिम विदाई देने के लिए सड़कों पर उतरे। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की 19 मई की शाम एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी।



### विदेश मंत्री भी मारे गए थे

ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीरअब्दुल्लाहियन को भी गुरुवार को शहर-ए रे में शाह अब्दोल-अजीम की दरगाह के इलाके में दफनाया गया। ईरानी अधिकारी और विदेश से आए मेहमानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### भारतीय उपराष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को तेहरान में ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर से मुलाकात की और हेलिकॉप्टर हादसे में मारे गए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तथा विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया। आधिकारिक अंत्येष्टि कार्यक्रम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे धनखड़ ने हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए रईसी, अब्दुल्लाहियन और अन्य ईरानी अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ईरानी दूतावास पहुंचे विदेश मंत्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ईरानी राष्ट्रपति रईसी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास जाकर भारत की ओर से इस क्षति पर शोक व्यक्त किया था।

### ताइवान के चारों तरफ तैनात की चीन की सेना

# चीन की सेनाओं ने शुरू किया 'दंड अभ्यास'

**एजेंसी** | ताइपे

ताइवान में नए राष्ट्रपति के रूप में लाई चिंग-ते के सत्ता में आते ही चीन बौखला गया। सोमवार को लाई ने ताइवान की कमान संभाली और गुरुवार को ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीनी सेना को ताइवान के चारों लगा दिया। चीन की सेना ने गुरुवार को ताइवान के चारों तरफ दो दिवसीय व्यापक 'दंड अभ्यास' शुरू किया। इसमें उसकी सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बलों ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास को 'जॉइंट सोर्ट 2024' नाम दिया गया है। चीन ने यह अभ्यास ऐसे वक्त में किया है, जब स्व-शासित द्वीप ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने देश पर चीन की संप्रभुता के दावे को अस्वीकार किया है।



### चीन और ताइवान के बीच क्या है तनाव का कारण

ताइवान एशिया के पूर्वी हिस्से में आता है। ताइवानी प्रशासन लंबे समय से खुद को रिपब्लिक ऑफ चाइना के रूप में आजाद देश बताता आया है। वहां साल 1949 से स्वतंत्र सरकार है। हालांकि, चीन भी लंबे समय से 2.3 करोड़ की आबादी वाले इस द्वीप पर दावा ठोकता रहा है। चीन का कहना है कि ताइवान पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का एक प्रांत है, जो उससे अलग हो गया है। चीन को ऐसा लगता है कि भविष्य में ताइवान चीन का हिस्सा बन जाएगा या फिर बलपूर्वक उसे चीन का हिस्सा बना लिया जाएगा।

### क्या चाहता है चीन?

चीन ने एक साल के भीतर ताइवान के आसपास कई सैन्य अभ्यास किए हैं। चीन की पीएलए ईस्टर्न थिएटर कमान के प्रवक्ता ली शी ने कहा कि लगातार ताइवान के पास जो युद्धाभ्यास चल रहा है, उसका एक ही मकसद है आजाद ताइवान की मांग कर रहे अलगाववादी लोगों को बलपूर्वक दबाना और बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप को एक कड़ी चेतावनी देना है। ली शी ने कहा कि यह अभ्यास 'ताइवान स्वतंत्रता' बलों के अलगाववादी कृत्यों के लिए एक कड़ी सजा और बाहरी ताकतों द्वारा हस्तक्षेप और उकसावे के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी जैसा है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी लगातार ताइवान के आसपास मिलिट्री घुसपैठ की कोशिश करती रहती है।

### कहां पर किया जा रहा है ये सैन्य अभ्यास?

यह अभ्यास ताइवान जलडमरूमध्य, ताइवान द्वीप के उत्तर, दक्षिण और पूर्व के साथ-साथ किनमेन, मात्सु, वुकिउ और डोंगयिन द्वीपों के आसपास के क्षेत्रों में किया जा रहा है। गौरतलब है चीन ने यह अभ्यास ऐसे वक्त में किया है जब ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने देश पर चीन की संप्रभुता के दावे को अस्वीकार किया और कहा कि अब चीन के युद्ध से ताइवान पीछे नहीं हटने वाला है।


### मोहनजोदड़ो का पारा 49 डिग्री

# पाक में आसमान से बरस रही आग

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में लू की चपेट में आए सैकड़ों मरीजों का गुरुवार को देशभर के अस्पतालों में उपचार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान में भीषण लू के कारण तापमान सामान्य स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया। मोहन जोदड़ो में बीते दिन अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिणी सिंध प्रांत के पुरातात्विक स्थलों के लिए मशहूर यह शहर 2022 में मानसूनी बारिश और अचानक आई बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

मौसम विभाग ने एक सप्ताह तक लू चलने की संभावना जताई है। अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने, ज्यादा से ज्यादा मात्री में पानी पीने और अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया है। हालांकि मजदूरों का कहना है कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है क्योंकि उन्हें अपने परिवार का पेट पालने के लिए काम करना ही पड़ता है। जलवायु पर प्रधानमंत्री की समन्वयक रूबीना खुर्शीद आलम ने इस्लामाबाद में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के प्रति पांचवां सबसे संवेदनशील देश है। हमने सामान्य से अधिक बारिश और बाढ़ देखी है।



### लाहौर में हाल हुआ खराब

चिकित्सकों का कहना है कि उन्होंने लाहौर में सैकड़ों मरीजों का उपचार किया है और दक्षिण सिंध प्रांत के हैदराबाद, लरकाना और जैकबाबाद जिलों में बड़ी संख्या में मरीजों को अस्पताल लाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हालात और खराब हो गए हैं। पंजाब प्रांत के अस्पतालों में भीषण लू से प्रभावित मरीजों का आना शुरू हुआ है। पाकिस्तान ने गर्मी से प्रभावित मरीजों का उपचार करने के लिए अस्पतालों में आपात प्रतिक्रिया केंद्र बनाए गए हैं।

### यूक्रेन: रूस को रोकने के लिए होगी 10 हजार किमी की किलेबंदी

# पुतिन को अब छकाएगी यूक्रेनी सेना

**एजेंसी** | कीव

**खारकीव की जंग में रूस ने गंवाए 1500 सैनिक:** यूक्रेनी शहर खारकीव के कस्बों को कब्जा करने के लिए रूस पिछले सात दिनों 1500 से अधिक सैनिकों और बड़ी मात्रा में ड्रोन, मिसाइल और टैंकों को खो चुका है। यूक्रेनी पब्लिकेशन लीगा का दावा है कि वे लगातार रूस को रोकने के लिए प्रयासरत हैं। रूसी सेना को रोकने के लिए अब यूक्रेनी सेना ने नए सिरे से योजना बनाना शुरू कर दिया है।

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खतरनाक मोड ले चुका है। एक तरफ रूसी सेना यूक्रेन के खारकीव शहर के कई कस्बों में कब्जा कर चुकी है। रूसी सेना यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रही है।

उधर, यूक्रेन ने रूसी सेना को रोकने के लिए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने 10,000 किमी किलेबंदी करने की योजना बनाई है। यूक्रेन का यह कदम रूसी सेना को खदेड़ने के लिए है। यूक्रेन को लगता है कि किलेबंदी से रूसी सेना को कुछ दिन रोकने में कामयाबी मिल सकती है। रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन पहले ही हथियारों की कमी झेल रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन के लिए हथियारों की मंजूरी तो दे दी है लेकिन, अभी तक हथियारों की खेप यूक्रेन तक नहीं पहुंच पाई है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की ने अपने देश को बचाने के लिए नाटो देशों से भी मदद की अपील की है। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध को दो सालों से अधिक का समय हो गया है और इसने महायुद्ध में लाखों लोगों की जान जा चुकी है और अरबों की संपदा खाक हो चुकी है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl